**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 164 लखनऊ, शुक्रवार 26 जनवरी 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 12 मरणोपरांत सहित 80 सशस्त्र बलों के कर्मियों को दिया जाएगा वीरता पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मु की मंजूरी



एजेंसी।
नई दिल्ली कैप्टन अंशुमान सिंह, आर्मी मेडिकल कोर, 26वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट, 9 पैरा स्पेशल फोर्स यूनिट के हवलदार अब्दुल माजिद और 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के सिपाही पवन कुमार को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार– कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 12 मरणोपरांत सहित 80 सशस्त्र बलों के कर्मियों को वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दे दी है। इनमें छह कीर्ति चक्र शामिल हैं, जिनमें तीन मरणोपरांतय दो मरणोपरांत सहित 16 शौर्य चक्रय सात मरणोपरांत सहित 53 सेना पदक है। इसके साथ ही इसमें एक नव सेना पदक (वीरता) और चार वायु सेना पदक (वीरता) शामिल है। कैप्टन अंशुमान सिंह, आर्मी मेडिकल कोर, 26वीं बटालियन पंजाब रेजिमेंट, 9 पैरा स्पेशल फोर्स यूनिट के हवलदार अब्दुल माजिद और 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के 55 राष्ट्रीय राइफल्स (ग्रेनेडियर्स) के सिपाही पवन कुमार को मरणोपरांत दूसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार– कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर भारतीय सेना के उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, मध्य सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय वायु सेना के रखरखाव कमान प्रमुख एयर मार्शल विभास पांडे ने पीवीएसएम से सम्मानित किया गया। इससे पहले गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता और सेवा पदक की विभिन्न श्रेणियों में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसमें 277 वीरता पदक शामिल हैं। बृहस्पतिवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार हाल में पदकों की समीक्षा के बाद गणतंत्र दिवस, 2024 के अवसर पर पुलिस, दमकल सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा एवं सुध ाारात्मक सेवा के कुल 1,132 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। कुल 16 वीरता और सेवा पदकों को मिलाकर अब चार श्रेणियों में कर दिया गया है। इन पदकों को अब वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएमजी), वीरता के लिए पदक (जीएम), विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) और सराहनीय सेवा के लिए पदक (एमएसएम) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बयान में कहा गया है कि 277 वीरता पुरस्कारों में से 119 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर्मियों को और 133 जम्मू–कश्मीर क्षेत्र के कर्मियों को दिए गए हैं।


## अमित शाह ने जम्मू को दी 100 ई–बसों की सौगात, दिखाई हरी झंडी,



एजेंसी। जम्मू। शाह ने जम्मू में 100 ई–बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा, ''मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद आतंकवाद से जुड़े मामलों में 66 प्रतिशत की कमी आई है। जम्मू। जम्मू कश्मीर में शांति के एक नये युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध यम से एक कार्यक्रम को संबोधि ात करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई–बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा, ''मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद आतंकवाद से जुड़े मामलों में 66 प्रतिशत की कमी आई है। नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत और सुरक्षा बलों की हत्याओं में 48 प्रतिशत की कमी आई है।'' उन्होंने कहा कि इससे यह प्रदर्शित होता है कि जम्मू कश्मीर में खुशहाली, शांति और सामान्य स्थिति का एक नया युग शुरू हुआ है। केंद्र ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को रद्द कर दिया था। साथ ही, सरकार ने इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों––जम्मू कश्मीर और लद्दाख–– में विभाजित कर दिया। शाह ने कहा कि 2000 में जम्मू कश्मीर में पथराव की 2,654 घटनाएं हुई थीं लेकिन 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''2010 में करीब 132 बंद के आयोजन किये गए लेकिन 2023 में एक भी नहीं किया गया।

## योगी आदित्यनाथ ने तैयार की लोकसभा चुनाव की पिच, पीएम के सामने लगवाये फिर एक बार मोदी सरकार के नारे

संवाददाता। लखनऊ योगी ने कहा कि तीसरी बार देश के अंदर वर्ष 2014 और 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ फिर से सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 19,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए बुलंदशहर में थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य के बुलंदशहर जिले में एक रैली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियान का नारा शफिर एक बार मोदी सरकारश उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिन में लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। मेगा इवेंट को संबोधित करते हुए, योगी ने आगामी आम चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तीसरी बार जीतने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत के संकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आना होगा। कुछ ही दिनों में अधिकांश जनता एक साथ खड़ी होगी और कहेगी शफिर एक बार मोदी सरकारश। 2019 के मुकाबले इस बार मोदी सरकार को बड़ा वोट शेयर मिलेगा। योगी ने कहा कि तीसरी बार देश के अंदर वर्ष 2014 और 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ फिर से सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 19,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए बुलंदशहर में थे। वहीं, अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचे, इसलिए मोदी शत प्रतिशत की गारंटी दे रहा है। जब सरकार शत–प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचती है तो किसी भी भेदभाव और भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं रह जाती। यही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है और यही सच्चा सामाजिक न्याय है। मोदी ने कहा कि गरीब, महिलाएं और युवा किसी भी समाज के हों, उनकी जरूरतें, उनके सपने, उनकी चुनौतियां एक जैसी ही हैं।मोदी ने कहा कि कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे का जिक्र करते हुए कहा, आजादी के बाद लंबे समय तक कोई गरीबी हटाओ का नारा देता रहा तो कोई सामाजिक न्याय के नाम पर झूठ बोलता रहा। सिर्फ कुछ परिवारों के घर अमीरी आई और कुछ ही परिवारों की राजनीति फली–फूली। सामान्य गरीब, दलित, पिछड़ा वर्ग तो अपराधियों और दंगों से सहमा हुआ था लेकिन अब देश में स्थितियां बदल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और शेष को जल्द ही गरीबी को परास्त करने की उम्मीद है।



# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम किया गया आयोजित

## 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम- 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'

संवाददाता।

लखनऊ । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में पूर्ण भव्यता और हर्षोल्लास के साथ 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' थीम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आगामी होने वाले चुनावों में जनता की प्रतिभागिता एवं सहभागिता के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना हम सबका कर्तव्य है, जिससे कि प्रदेश का मतदान प्रतिशत इस बार अवश्य बढ़े। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने अब सभी को वर्ष में 04 तिथियां मतदाता बनने हेतु निर्धारित की हैं। तकनीक का प्रयोग कर आसानी से वोटर आईडी भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो अभी मतदाता नहीं बने उन्हें भी मतदाता बनाने का प्रयास किया जाए, जिससे कि वे अपने देश, राज्य, जिला, नगर व गांव की प्रगति व विकास में भागीदार बन सकें। साथ ही स्वयं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व अवसर के बेहतर मौके भी मिल सके। इन सभी पर ? मार्क न लगे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति जागरूक मतदाता बने और प्रत्येक चुनाव में मतदान भी करे। उन्होंने कहा कि अभी पिछले चुनाव में 60 प्रतिशत वोट पड़े, इसका मतलब की 40 प्रतिशत लोग वोट डालने नहीं गए। इसे हमें बढ़ाना होगा और इस बार 80 प्रतिशत तक मतदान संभव हो सके। इसका प्रयास करना होगा सभी अपने इस संवैधानिक अधिकार का पालन कर अच्छे गवर्नेंस के लिए शतप्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस डेमोक्रेसी का सबसे बड़ा त्योहार होता है, पहले मतदाताओं में वोटिंग को लेकर बड़ा उत्साह होता था, बैलगाड़ियों में बैठकर गीत गाते हुए लोग मतदान करने जाते थे। कहा कि विकसित देशों में भी स्वतंत्रता के समय सभी को वोटिंग का अधिकार नहीं मिला, काफी संघर्ष के बाद ही, सभी को वहां पर वोटिंग का अधिकार मिला, लेकिन हमारे देश में गणतंत्र बनने के समय से ही सभी को मतदान का अधिकार बिना संघर्ष के मिल गया। देश में सुशासन आए, अच्छी सरकार बने, देश का विकास हो, हमारा देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए, इन सभी के लिए आपका एक वोट बहुत महत्व रखता है। एक वोट से देश के विकास में फर्क पड़ सकता है। हम सभी मतदाता बने और अपने मत का प्रयोग जरूर करें, यही मेरी सभी से अपील है। उन्होंने वहां पर उपस्थित सौ वर्ष उम्र के बुजुर्गों प्रणाम किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे'। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मतदाताओं को जागरूक करने और चुनाव के दौरान अधिक से अधिक मत का प्रयोग सुनिश्चित कराना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष मतदान के लिए मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने तथा दिवंगत लोगों के नाम सूची से हटाकर नई मतदाता सूची तैयार की जाती है। अभी बनी मतदाता सूची में 31 लाख लोगों के नाम हटाए गए और 57 लाख लोगों के नाम जोड़े गए हैं। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को इसी दिन हुई थी, जिसको पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में आ जाए और ज्यादा प्रतीक्षा न करना पड़े इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष में चार आधार तारीख 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर निर्धारित की है। पहले साल में मात्र एक ही अवसर 01 जनवरी को आधार तारीख में मिलता था। अभी भी जो युवा 18 वर्ष के होने वाले हैं उनका नाम निर्वाचन के लास्ट डे आफ नॉमिनेशन तक जुड़ सकता है। मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म 6 ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप जो कि एन्ड्रॉयड और एप्पल दोनों पर उपलब्ध है, जिससे भी नाम चेक कर सकते हैं व नाम शामिल एवं संसोधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसे और मजबूत करने के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और वह अपना मत जरूर दे।

मुख्य अतिथि ने इससे पहले कार्यक्रम में ट्राई कलर गुब्बारे छोड़कर व जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही निर्वाचनरू बढ़ते कदम थीम पर लगी भव्य प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में दी गई अब तक के निर्वाचन संबंधी जानकारी की प्रशंसा की और निर्वाचन के मामलों में जन–जागरूकता के लिए एक आवश्यक कदम बताया। उन्होंने वर्ष–2024 के राष्ट्रीय मतदाता दिवस थीम पर बनी अदभुत सैण्ड आर्ट का भी अवलोकन किया और इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का उन्होंने निरीक्षण किया तथा श्लोगन बोर्ड में मुख्य सचिव ने 'अपना वोट जरूर डालिए' लिखकर आह्वान किया। मुख्य सचिव ने परिसर में मयूर नृत्य, कठपुतली नृत्य, राई नृत्य व बमरसिया का प्रदर्शन कर रही टीम का उत्साहवर्द्धन किया तथा बम रसिया टीम ने मुख्य अतिथि को साफा पगड़ी पहनाया।

# अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो पर 26 जनवरी को उत्तर प्रदेश पर्यटन फहराएगा पताका

## उत्तर प्रदेश पर्यटन को विश्व के कोने–कोने में प्रचारित–प्रसारित करने के लिए की गई यह पहल

संवाददाता।

लखनऊ । 26 जनवरी को राजपथ से देश की राष्ट्रपति जब भारत का तिरंगा फहरा रही होंगी तो उसी दौरान देश से लगभग साढ़े पांच हजार किलोमीटर दूर अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो पर प्रभु श्रीराम मंदिर और उत्तर प्रदेश पर्यटन का झंडा शान से लहरा रहा होगा। देश और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव के यह पल लखनऊ निवासी विरेंद्र सिसोदिया के प्रयासों से मिलेंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान अयोध्या में श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा के दिन शुरू हुआ था। सेना से रिटायर्ड और पर्वतारोही विरेंद्र का उद्देश्य लोगों में पर्यटन और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि किलिमंजारो पर चढ़ने के लिए मैंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन चुना। यह मेरे और देश के लिए सौभाग्य की बात है कि एक शुभ दिन में हमने इसकी शुरूआत की है और इसका समापन भी एक खास दिन को होगा। जब हमारा देश गणतंत्र दिवस मना रहा होगा तब रामलला और उत्तर प्रदेश पर्यटन का झंडा अफ्रीका के सबसे ऊंचे पहाड़ पर लहरा रहा होगा। अभी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों लोग प्रतिदिन दर्शन के लिए आ रहे हैं। इससे न सिर्फ वहां के लोगों को आर्थिक मजबूती मिलेगी बल्कि विश्व पटल पर उत्तर प्रदेश का एक और स्थान पर्यटन के रूप में विकसित होगा। इसके साथ ही देश और दुनिया को यह संदेश भी देना चाहता हूं कि पर्यटन पर बहुत कुछ निर्भर करता है। देश की अर्थव्यवस्था, हमारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, वैश्विक खतरों के प्रति चेतना और समाप्त होती वह प्रजातियां जिन्हें छोटे–छोटे प्रयास करके बचाया जा सकता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास उत्तर प्रदेश को विश्व के सबसे अधिक आकर्षित करने वाले पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का हैं। प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी हैं। यह नगरी विश्व की सुंदरतम नगरी के रूप में विकसित हो रही है। हम यहां के पर्यटन स्थलों का समूचे विश्व में प्रचार–प्रसार कर रहे हैं।

# पीएमजीएसवाई की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय - केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता।

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई( प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना)की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाया जाय और कहा कि इसकी तैयारी की जाए कि भविष्य में पीएमजीएसवाई की सड़कों को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ही बनाये,इस हेतु जो जरूरी औपचारिकताएं पूरी करनी हो शीघ्र पूरी की जांय। पीएमजीएसवाई की सड़कों की नियमित रूप चेकिंग करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एफडीआर तकनीक से काम करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक बुलाई जाय। 'ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ,सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक अपनाने में बना रोल माडल'

आपको बताते चलें कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में देश में सबसे पहले उत्तर प्रदेश ने एफडीआर तकनीक का उपयोग किया है, उसमें भी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने सबसे पहले इस तकनीक को अपनाया है,, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की अगुवाई में सफलता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने भी इसे अपनाया है और अन्य प्रान्तों में भी इस तकनीक को अपनाया गया है। अन्य प्रान्तों के इंन्जीनियर्स, विशेषज्ञ आदि यह तकनीक जानने व समझने के लिए उत्तर प्रदेश का दौरा कर चुके हैं और फील्ड विजिट कर निर्मित सड़के देखी है। इस तकनीक के इस्तेमाल से 15–20 प्रतिशत लागत में बचत हो रही है, और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी होती हैं व सड़कें भी दो गुनी मजबूत बन रही है, ऐसा दावा किया गया है। इस तरह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग , पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक अपनाने के मामले में रोल माडल बन गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि एफडीआर तकनीक अपनाने से जिस पैसे की बचत हो रही है, उससे सड़कों के सौन्दर्यीकरण आदि पर व्यय किया जा सकता है,जैसे कहीं पर सड़क किनारे जहां उचित हो राहगीरों, यात्रियों आदि के बैठने के लिए सीटें यूरेनल, जन्कशन इम्प्रूवमेंट, वृक्षारोपण, टी गार्ड आदि, कार्य करा सकते हैं, इसके प्लान बनायें। एफ डी आर तकनीक अपनाने वाले ठेकेदारों को बुलाया जाय और उनके साथ मीटिंग करायी जाय, उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रान्तों के कान्ट्रेक्टर्स व विशेषज्ञों को भी बुलायें , विस्तार से चर्चा की जाए। एफडीआर तकनीक का फायदे का व्यापक सन्देश समाज में दिया जाय।

उत्तर प्रदेश रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सुखलाल भारती ने बताया कि इस तकनीक का बढ़ावा दिये जाने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्य अभियंता यूपीआरआरडीए, श्री राज कुमार चौधरी ने बताया कि अभियान चलाकर पीएमजीएसवाई की सड़कों का निरीक्षण कराया गया है और जहां कहीं भी कमियां परिलक्षित हुयीं ,वहां पर सुधारात्मक कार्य कराये गये हैं।

# डीजी ला एंड आर्डर प्रशांत कुमार व आईजी मंजिल सैनी को गैलेंट्री अवार्ड

लखनऊ । यूपी के पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और आईजी मंजिल सैनी को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर गैलेंट्री अवार्ड (प्रेसीडेंट मेडल फार गैलेंट्री) से सम्मानित किया जाएगा। वहीं आजमगढ़ के आईजी अखिलेश कुमार, लखनऊ के जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपेन्द्र अग्रवाल और आईजी दीपक कुमार को मेरिटोरियस सर्विस मेडल दिया जाएगा। इसी तरह प्रदेश के सात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा और 74 को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशान्त कुमार की अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ की नियुक्ति के दौरान 6 जुलाई 2017 को दिल्ली स्थित प्रीत विहार के मेट्रो हार्ट एवं कैंसर हास्पिटल के चिकित्सक डॉ. श्रीकान्त गौड़ के अपहरण के उपरान्त अपराधियों द्वारा पांच करोड़ की फिरौती की मांग किये जाने की सूचना पर प्रशान्त कुमार तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन एवं मंजिल सैनी, तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ द्वारा दिल्ली पुलिस की टीम के साथ उच्च कोटि का समन्वय स्थापित कर 19 जुलाई 2017 को जब मेरठ में कांवड़ मेला शिखर पर था।, उस दौरान एक साहसिक मुठभेड़ के बाद डा. श्रीकान्त गौड़ को सकुशल बरामद किया गया। साथ ही चार अपहरणकर्ताओं को जिनके द्वारा पांच करोड़ फिरौती की मांग की गयी थी, उन्हें मौके से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अवैध आग्नेयास्त्र–एक पिस्टल, एक पौनिया राइफल तथा प्रयुक्त व जीवित कारतूस बरामद हुए। इस साहसिक मुठभेड़ के लिए प्रशान्त कुमार एवं मंजिल सैनी को राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर गैलेण्ट्री मेडलष से सम्मानित जाएगा है। प्रशान्त कुमार को गैलेण्ट्री के लिए राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाने वाला यह चौथा पदक है। प्रशान्त कुमार को इससे पहले भी सहासिक कार्यों के लिए समय–समय पर विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया जा चुका है।







## अग्निवीर वायु इनटेक महिला एवं पुरूष की भर्ती प्रक्रिया के लिए आनलाइन पंजीकरण 06 फरवरी तक

संवाददाता।

लखनऊ। अग्निवीर वायु इनटेक 01/2025 (महिला एवं पुरूष) की भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी, 2024 से 06 फरवरी, 2024 तक निर्धारित है। पंजीकरण एवं अधिसूचना का वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में 02 जनवरी, 2004 और 02 जुलाई, 2007 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्में पात्र अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने हेतु योग्य हैं। भर्ती प्रक्रिया की प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च, 2024 को तय की गई है। यह जानकारी विंग कमांडरध्कमान अफसर ए गुणशेकर ने दी।

## महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव में 17 महिला अभ्यर्थियों का हुआ चयन

संवाददाता।

लखनऊ। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज, लखनऊ में सीखो एवं कमाओ योजना (एन0ए0पी0एस0) के तहत 2 अथवा 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए टाटा मोटर्स लि0 लखनऊ के द्वारा महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया।ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में कुल 54 महिला अभ्यर्थियो द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से 17 महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरान्त चयन किया गया। जिसके लिए वेतन रूपये 13605 प्रतिमाह एवं कैन्टीन फ्री, ट्रासपोर्ट फ्री, इन्श्योरेन्स 7 लाख, मेडिकल क्लेम 1 लाख, 3 सेट यूनीफॉर्म प्रतिवर्ष, जूते, पी0पी0ई0 किट एवं कम्पनी द्वारा निर्धारित छूट्टियाँ तथा सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा।

## जान्हवी पटेल ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2023 में हासिल की द्वितीय रैंक

लखनऊ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के एम.एस.सी 2018–20 बैच की छात्रा जान्हवी पटेल ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2023 में द्वितीय रैंक हासिल की है ।

## प्रदेश भर से यूपी–112 के 510 पीआरवी कर्मी होंगे सम्मानित

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के मौके पर यूपी–112 द्वारा 547 कर्मियों को अपर पुलिस महानिदेशक–112 नीरा रावत द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इनमें से 510 पुलिस कर्मी और 37 सहयोगी संस्थाओं के निजी कर्मी शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश भर के 40 उन सजग नागरिकों को भी 112 द्वारा सम्मानित किया जायेगा जिन्होने समय से 112 को कॉल कर दूसरों के जीवन रक्षण में योगदान दिया है। नागरिकों द्वारा 112 को कॉल किये जाने के बाद रिस्पोंस टाइम पर सहायता पहुंचाने वाले 504 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद तथा पुलिस अधीक्षक शामली को प्रदेश भर में न्यूनतम रिस्पोंस टाइम बनाए रखने के लिए डीजीपी द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया जायेगा। यूपी–112 मुख्यालय में कम करने वाले 37 पुलिस व निजी क्षेत्र के कर्मियों को भी गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित किया जायेगा। सराहनीय कार्य के आधार पर 3 पीआरवी के 7 कर्मी भी इस मौके पर सम्मानित होंगे।यूपी–112 द्वारा आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता के 5 विजेता प्रतिभागियों को भी इस मौके पर पुरस्कृत किया जायेगा। इन विजेताओं को उनके जिलों में पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

## केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की, दी शुभकामनाएं

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गणतंत्र दिवस के पावन व पुनीत अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि गणतंत्र दिवस पर हमें अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा तो मिलती ही है। साथ ही देश प्रेम की भावना और अधिक बलवती होती हैं। कहा कि हमें इस अवसर पर आत्मचिन्तन करने तथा महान देशभक्तों के सपनों एवं लक्ष्यों के अनुरूप समतामूलक समाज के निर्माण तथा देश एवं प्रदेश के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने व महिला सशक्तीकरण के लिए हम सबको प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ना है।

## राजभवन में अलंकरण समारोह कल

संवाददाता।

लखनऊ। संस्कृति विभाग उ0प्र0 और खेल विभाग उ0प्र0 के संयुक्त तत्वावधान में कल 26 जनवरी, 2024 को अपरान्ह 03 बजे राजभवन में अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में स्वायत्तशासी संस्थाओं के विभिन्न विधाओं से जुड़े 16 महानुभावों को पुरस्कृत किया जायेगा।यह जानकारी आज यहाँ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता श्रीमती आनन्दी वेन पटेल, राज्यपाल उ0प्र0 तथा मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी होंगे। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र यादव राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति होगी।

## मंत्रिगणों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी


संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, मत्स्य विकास मंत्री डॉ0 संजय निषाद, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे0पी0एस0 राठौर एवं बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने 75वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक बधाई संदेश में दोनों मंत्रीगणों ने कहा है कि गणतंत्र दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व हमें संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की प्रेरणा देता है। कठिन संघर्ष एवं लम्बी लड़ाई के बाद हमारा देश गुलामी की जंजीरो से मुक्त हुआ था, इसके लिए हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। मंत्रीगणों ने संदेश में यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जो नये भारत का सपना देखा था, उसको देश के प्रधानमंत्री मा0 नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रयासों से पूरा हो रहा है। आज का भारत एक नया भारत है। जिसकी धमक पूरी दुनिया में सुनी जा रही है। मंत्रियों ने गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षो उल्लास के साथ मनाने की कामना करते हुए भारत को विश्वगुरू बनाने के मार्ग को प्रशस्त करने में अपना श्रेष्ठतम योगदान देने की अपील भी की है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में उतरेंगे जनपद के कांग्रेसी

संवाददाता

सुल्तानपुर । कॉग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व उत्तर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर जनपद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जायेगी। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर यह यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा यात्रा जनपद के समस्त ब्लॉक के न्याय पंचायतों से होकर 30 जनवरी की जिला मुख्यालय पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर ध्वजबंदन के पश्चात यात्रा निकाली जायेगी, यह यात्रा झांकी के रूप में भारत छोड़ो न्याय यात्रा को प्रतिविंबित करेगी, इसके लिए एक गाड़ी को रथ के स्वरूप देकर साउंड सिस्टम के साथ तैयार किया जाएगा जिसमे ष्मोहब्बत की दुकानष लिखा होगा और रथ पर राष्ट्रीय ध्वज एवं कांग्रेस पार्टी के ध्वज से सजाया जाएगा, यह रथ प्रत्येक जिले के सभी ब्लॉक की सभी न्याय पंचायत से और शहर के सभी वार्डों व बाजारों को कवर करेगी, यह यात्रा पुरी पद यात्रा नहीं होगी जहां पर घनी आबादी और बाजार वाले क्षेत्र होंगे वहीं यात्रा पैदल चलेगी, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले शहीदों के स्थल और महापुरुषों के स्थान पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करके यात्रा चलेगी, यदि मार्ग में किसी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का घर पड़े गा तो वहां जाकर परिवार से मिलकर कॉग्रेस जन उन्हें सम्मानित करेंगे, यदि मार्ग में किसी वुजुर्ग कांग्रेसी परिवार का घर पड़े गा तो उन्हें इसकी सूचना देते हुए उनके घर पर जाकर उन्हें यात्रा में शामिल होनेके लिए आमंत्रित किया जाएगा, मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों के दर्शन पूजन किया जायेगा। 30 जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पहुंचकर रामधुन बजाना और गाना है। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया की यात्रा को सफल बनाने हेतु ब्लॉक वार्ड व न्याय पंचायत वार सभी प्रभारी को नियुक्त किया गया है।







# धूमधाम से मनाया गया हजरत अली का जन्मदिवस

बल्दीराय सुल्तानपुर। 13 रजब पैगम्बर मोहम्मद साहब के भाई, फात्मा स०अ०के शौहर हसनैन के वालिद की पैदाइश के शुभ अवसर पर अली के चाहने वालों ने राहगीरों को भीषण ठंड में कॉफी का स्टाल लगाकर पैदाइश की खुशी मनाई। इसौली गांव में अकबर अली की चक्की के सामने गांव वालों ने स्टाल लगाकर गुजरने वाले राहगीरों को कॉफी पिलाकर मौला अली की पैदाइश का जश्न मनाया। पारा चौराहे पर अली फाउंडेशन नामक समाजसेवी संस्था ने स्टाल लगाकर वहां पर मौजूद सभी लोगों को खीर, फल और मिष्ठान वितरण किया। संस्था के सदस्य असगर रजा द्वारा बताया गया कि मौला अली की पैदाइश भी सारी दुनिया के लिये एक चमत्कार है। हजरत अली उस घर में पैदा हुए थे जो सारी दुनिया के मुसलमानों की इबादतगाह है। जिसे सारी दुनिया काबा के नाम से जानती है। हजरत अली की तारीफ अगर की जाय तो समय कम पड़ जायेगा,तारीफ कम नही होगी। हजरत अली ने अपनी दौरे खिलाफत में हुकूमत भी इस तरह से की है कि वह सारी दुनिया के लिये एक नजीर है। हजरत अली हुकूमत का काम करते समय ही हुकूमत का चिराग जलाया करते थे अपना निजी काम अपने चिराग से किया करते थे।हजरत अली की खिलाफत के दौर में कोई भूखा नही सोता था।रात के अंधेरे में गरीब बेसहारा लोगों तक स्वयं मदद

पहुंचाया करते थे। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में राजू खान, मोहम्मद सैफ, सोनू सेंट, अफजल खान, शमीम बीडीसी, वाजिद हुसैन, बब्बू, लाडले, माशूक ठेकेदार, इकरार, नदीम, हसीन, हिसामु, हाजी आफताब उर्फ पिन्टू आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नमो नवमतदाता सम्मेलन में नमो ऐप की दी विस्तृत जानकारी

सुलतानपुर। जनता इंटर कॉलेज विकासखण्ड मोतीगरपुर सदर जयसिंहपुर सुल्तानपुर ष्नमो नवमतदाता सम्मेलनष में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के वर्चुअल माध्यम से सम्बोधन सुनते हुए एवं छात्र छात्राओं को नमो ऐप के बारे में जागरूक किया। विधानसभा संयोजक अंश द्विवेदी, कार्यक्रम संयोजक अनुराग पाण्डेय, जिला महामंत्री गौरव मौर्य, मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, विशिष्ठ अतिथि राज प्रसाद उपाध्याय, कॉलेज प्रबंधक उमेश प्रताप सिंह, विधालय उपाध्यक्ष इंद्रभान सिंह, प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मिश्र जी, जयसिंहपुर मंडल अध्यक्ष हरीशंकर वर्मा, मोतीगरपुर मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह, शत्रुघ्न तिवारी, मंडल महामंत्री आर्य विक्रम सिंह, अनुभव अग्रहरि, अमूल रावत, सौरभ दूबे, आशीष यादव,

# सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं चंद्रबली सिंह

## -नमो नवमतदाता व युवा सम्मेलन का हुआ अयोजन

मिल्कीपुर—अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के चंद्रबली सिंह उर्मिला पीजी कॉलेज कुमारगंज में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह विक्की एवं भाजपा नेता अजय विक्रम सिंह की अगुवाई नमो नवमतदाता एवं युवा सम्मेलन का अयोजन किया गया। भाजपा नेताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह थीम 'पीएम मोदी की गारंटी' जनअभियान के अनुरुप है। पीएम मोदी के नवमतदाता सम्मेलन के दौरान इससे जुड़ा वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें करोड़ों लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को दर्शाया गया है। गुरुवार को ही पार्टी ने चुनाव के लिए अपने अभियान के लिए थीम जारी की। इसकी शुरुआत में कहा गया— सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। भाजपा ने इसकी लॉन्चिंग का एलान करते हुए कहा कि यह थीम उसे लोगों के बीच से ही मिली है और भाजपा ने जनता की इस भावना को अपनाया है। भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रबली सिंह ने कहा कि 500 वर्षों की बाद भगवान रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, अयोध्या मीर बाकी ने मंदिर को तुड़वाकर मस्जिद का रूप दिया था लेकिन आज इस स्थान पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है, देश दुनिया से लोग पहुंच कर दर्शन पूजन कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमला शंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो अमर बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, हरिओम पाण्डेय, अनुपम कौशल मौजूद रहे। कमला शंकर पाण्डेय ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में युवाओं को बताया तथा कहा कि आने वाले समय में जब मतदान हो तो बढ़—चढ़कर आप लोग मतदान में हिस्सा ले। और ऐसी सरकार को चुने जो सब के विकास के बारे में सोचती हो। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं समेत भाजपा नेता मौजूद रहे।

# दस बिस्सा जमीन के विवाद में आठ वर्षीय बच्चे की हत्या

अयोध्या। जनपद के तारुन थाना क्षेत्र स्थित बेलगरा गांव निवासी आठ वर्षीय राज कसौधन की हत्या बुधवार को चाकू से गोदकर कर दी गई थी। मामले में तारुन पुलिस ने पिता सूर्य देव कसौंधन की तहरीर पर जयप्रकाश यादव के खिलाफ अपहरण हत्या और साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पिता के अनुसार जमीनी विवाद के चलते आरोपी ने उसके लड़के की निर्मम हत्या की है।

# गणतंत्र दिवस परेड में प्रदर्शन हेतु सिटी मोन्टेसरी स्कूल की झाँकी तैयार

## 'विश्व एकता व वसुधैव कुटुम्बकम' का अलख जगायेगी सी.एम.एस. की झाँकी

लखनऊ, 25 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में 'विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' थीम पर एक अनूठी झाँकी प्रदर्शित करने जा रहा है। यह झाँकी तैयार होकर रवीन्द्रालय, चारबाग पर खड़ी है। सी.एम.एस. की यह अनूठी झाँकी आज यहाँ आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों को दिखाई गई। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सी.एम.एस. की यह प्रेरणादायी झाँकी भारतीय संविधान में समाहित 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देने के साथ ही एकता, शान्ति, सद्भाव व सौहार्द पर आधारित विश्व व्यवस्था का आह्वान करेगी। यह झाँकी जनमानस को अनेकता में एकता, सर्वधर्म समभाव एवं विद्यालय को समाज का प्रकाश स्तम्भ के रूप में प्रदर्शित कर उच्च जीवन मूल्यों का अनुसरण करने की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सी.एम.एस. की यह झाँकी मात्र प्रदर्शन भर के लिए नहीं है अपितु इसके पीछे संदेश है कि एकता, शान्ति व सद्भाव ही विश्व मानवता के फलने—फूलने का एकमात्र विकल्प है।

प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने झाँकी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सी.एम.एस. की झाँकी पाँच भागों में हैं और सभी भाग एक अनूठे ढंग से विश्व एकता का संदेश दे रहे हैं।




झाँकी के प्रथम भाग में एक बच्चा ग्लोब उठाये हुए सारे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दे रहा है जबकि द्वितीय भाग में अनेकता में एकता की भावना का प्रदर्शन करते हुए एक ही छत के नीचे मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा, बौद्ध विहार, बहाई मन्दिर आदि विभिन्न पूजा स्थलों के माध्यम से दिखाया गया है कि सभी धर्मों का स्रोत एक ही परमपिता परमात्मा है। यहीं पर सी.एम.एस. छात्रायें झाँकी गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। झाँकी के तृतीय भाग में एक विद्यालय दिखाया गया है जहाँ बच्चे विभिन्न धर्मग्रंथों के माध्यम से हृदयों की एकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। झाँकी का चौथे भाग में स्कूल को समाज के प्रकाश स्तम्भ के रूप में दर्शाया गया है। विद्यालय यदि समाज को प्रकाश केन्द्र नहीं बनेगा तो समाज का उत्थान व विकास संभव नहीं होगा। झाँकी के अंतिम भाग में शिक्षक बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हुए दर्शाये गये हैं। झाँकी का यह भाग संदेश दे रहा है कि शिक्षक भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माता, नैतिकता के संवाहक और संस्कृति के रक्षक होते हैं।

इस अवसर पर सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की छात्राओं ने झाँकी गीत 'दुनिया के सारे देशों को ये संदेश सुनाना है, सीमाओं के भेद भुलाकर विश्व एकता लाना है, वसुधा कुटुम्ब बनाना है' की प्रेरणादायी पंक्तियों पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया तथापि झाँकी गीत के माध्यम से धरती को स्वर्ग बनाने का आह्वान किया। झाँकी गीत पर मनमोहक प्रदर्शन करने वाली सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की छात्राओं में कृतिका सोनकर, अदिति मनि, श्रेयी सिंह, दीक्षा कल्यानी, ईशना सक्सेना, पार्थी मोहन सिंह, अनन्या यादव, तेजश्री संगम, हिमानी सिंह, आराध्या राय, उत्कर्षी गुप्ता एवं रिद्धिमा गुप्ता प्रमुख हैं।

सी.एम.एस. के मुख्य जन—सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को निकाली जाने वाली यह झाँकी सम्पूर्ण विश्वसमाज को समर्पित है और दुनिया को स्वर्ग बनाने के लिए प्रेम और प्यार से रहने के लिए प्रेरित कर रही है। झाँकी से प्रेरणा लेकर यदि एक भी नागरिक समाज को एकता व शान्ति के सूत्र में पिरोने का संकल्प लेता है तो हमारा प्रयास सार्थक होगा।

# राम दरबार लगाया सीता माता का विवाह हुआ संपन्न हुआ

झांसी! बुंदेलखंड खाटू श्याम संस्था समिति की अध्यक्ष कमलेश राय की अध्यक्षता में सीता राम का विवाह संपन्न हुआ कार्यक्रम आयोजक राजू रहे झांसी बड़ागांव गेट बाहर नारायण बाग डडियापुरा मैं कार्यक्रम हुआ राम दरबार लगाया सीता माता का



विवाह हुआ संपन्न हुआ राम कलेवा हुआ संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया डेंगरे भाई प्रीति राजपूत काजल राय कमलेश राय सभी महिलाएं समिति की महिलाएं नाच गान किया अयोध्या में स्थापना दिवस चल रहा था यहां पर महिलाएं बड़े धूमधाम के साथ राम सीता विवाह चल रहा है इस दौरान कमलेश राय, राजू आदि लोग उपस्थित रहें

# जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री बिहार की 100 वी जयंती मनाई गई

झांसी! आज कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती के शुभ अवसर पर झांसी सेन सविता समाज द्वारा सेन मंदिर झांसी पर श्री ठाकुर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर एवं मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण कर समस्त सेन सविता समाज बंधुओ ने जयंती को मनाया एवं इस अवसर पर भारतीय युवा सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र सेन जी ने अपने उद्बोधन में श्री कर्पूरी ठाकुर जी के विषय पर प्रकाश डाला श्री सेन जी ने अपने उद्बोधन में यह कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी हमेशा से ही दलित शोषित एवं पिछड़े वर्ग की लड़ाई एवं समाज हित में हमेशा



काम करते रहे और आज के ही दिवस पर कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया इस मौके पर समस्त सेन सविता समाज ने भारत सरकार की बहुत प्रशंसा की इस मौके पर सर्व श्री श्री राम प्रकाश सेन सूबेदार श्री मनोज कुमार सेन हेड सीटीआई संतोष वर्मा एल आई सी जगदीश प्रसाद सेन गार्ड साहब हरिमोहन सेन पप्पू बिल्डिंग मटेरियल अनु सेन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष उधो प्रसाद सेन तिलक राम सेन नीरज सेन रामबाबू सेन मंदिर संचालक आर सेन पत्रकार एवं राजकुमार सेन समाजसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का संचालन जगमोहन सेन बडोनिया ने मुख्य रूप से किया एवं सभी का आभार व्यक्त अन्नू भइया ने मुख्य रूप से किया

# वृहत रोजगार मेला नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

झांसी! राज्य मंत्री व्यवसायिक शिक्षा एवम कौशल विकास जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिला समन्वयक मा.राज कुमार जी की अध्यक्षता , यशस्वी एम एल सी श्रीमती रमा निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवम बिपिन बिहारी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनकर सक्सेना के विशिष्ट आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला विपिन बिहारी इंटर कॉलेज झांसी में आयोजित किया गया आरम्भ में मुख्य अतिथि के साथ समन्वयक व समाज सेवियों ने मिलकर भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए बाधाओं को लाल रिबन के रूप में काट कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तत्पश्चात जिला समन्वयक राजकुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियो का पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया रोजगार मेले में 18 कंपनियों ने प्रतिभाग किया , जिसमें स्किल्ड इंडिया सोसाइटी, डायल एस आई एस, एक्साइड, टाटा होम हेल्थ केयर पुखराज हेल्थ केयर, टू जीरो फाइव जीरो होम हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियों के प्रतिनिधि ने मेले में साक्षात्कार लेकर प्रतिभागियों का चयन किया। मेले में 583



बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें 242 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया, मुख्य अतिथि के आशीर्वचन को शत प्रतिशत सत्य कहते हुए संचालन कर रहे अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय जन सम्पर्क अधिकारी अशोक अग्रवाल काका ने कहा कि रोजगार मेले में नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ये समझ कर अपनी नियुक्ति को समझना होगा कि उन्हें फिलहाल इसे सर्विस नहीं अपितु ट्रेनिंग पीरियड मानना होगा ताकि भविष्य में उन्हें योग्यता प्रमाण पत्र के साथ बेहतर प्लेसमेंट मिल सकें

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस जोर शोर से मनाया गया

झांसी! आज कम्पोजिट विद्यालय किल्चुवारा बुजुर्ग झांसी में बीएलओ डॉ नरेन्द्र के संचालन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस जोर शोर से मनाया गया।इस अवसर पर श्री कुलदीप कुमार,निशा श्रीवास्तव, श्रीमती संगीता गुप्ता, कल्पना कुशवाहा, श्रीमती नेहा सोनी, श्रीमती अनीता पाल, सफाई कर्मी मनोज, सफाई कर्मी मोहन अहिरवार, रसोईया जयंती,सुमन, लच्छो,पूनम, नागरिक श्री शिशुपाल, कैलाश पूर्व प्रधान, जयराम, अनिल, घनश्याम,जाहर सिंह पूर्व प्रधान, बृजेन्द्र सिंह नेताजी आदि उपस्थित रहे। डॉ नरेन्द्र ने समस्त जनों को शपथ हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्परा की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय वर्ग भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेअंत में आभार मुजफ्फर अली ने व्यक्त किया



# संपादकीय

## अब हकीकत का अहसास ?

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत हुए लगभग नौ महीने आने को हैं, लेकिन स्थिति आज भी नियंत्रण में नहीं है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच अविश्वास और विभाजन की रेखाएं गहरा गई हैं और उनके कुछ संगठन अब आतंकवादी तौर–तरीकों का सहारा लेने लगे हैं।

संभवतरू मणिपुर में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को भी हकीकत का अहसास हुआ है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताएं चाहे जो हों, प्रदेश के नेता समझ रहे हैं कि मौजूदा सरकार आम जन के बीच अपना भरोसा खो चुकी है और उसके हाथ में समाधान का कोई सूत्र नहीं है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को भी इस आम भावना को स्वीकार करना पड़ा है। तभी रविवार को उन्होंने सर्वदलीय बैठक बुलाई और उसके बाद एलान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगेंगे। चर्चा है कि उस मुलाकात में बीरेन सिंह अपने इस्तीफे की पेशकश करेंगे। उनका यह कथन महत्त्वपूर्ण हैरू श्हमने कोई फैसला नहीं किया है, क्योंकि हम यह तय नहीं कर पाए हैं कि प्रशासन की जिम्मेदारी हमें किसके हाथ में सौंपनी चाहिए। लोगों को लंबे समय तक बहुत भुगतना पड़ा है और उनके हालात की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।श् मणिपुर में हिंसा की शुरुआत हुए लगभग नौ महीने आने को हैं, लेकिन स्थिति आज भी नियंत्रण में नहीं है। जब–तब हिंसा और मौतों की खबर वहां से आती रहती है। राज्य के दो प्रमुख समुदायों– मैतेई और कुकी के बीच अविश्वास और विभाजन की रेखाएं गहरा गई हैं और उनके कुछ संगठन अब आतंकवादी तौर–तरीकों का सहारा लेने लगे हैं। यह बहुत आरंभ में स्पष्ट हो गया था कि बीरेन सिंह सबको साथ लेकर चलने में नाकाम हो गए हैं और तब से उनके इस्तीफे की मांग की जा रही है। एक बार उन्होंने इस्तीफा देने का दिखावा भी किया, जब उनके समर्थकों ने महिलाओं की भीड़ जुटाकर उनका इस्तीफा फाड़ दिया था। तब यह संदेश दिया गया कि बहुसंख्यक मैतई समुदाय मजबूती से बीरेन सिंह के पीछे खड़ा है। लेकिन हिंसा जारी रहने और उससे सभी समुदायों को भारी नुकसान होने के बाद लगता है कि मैतई आबादी के बीच उनके प्रति भरोसा डिग गया है। तो अब मख्यमंत्री ने एलान किया है कि श्यह राजनीति करने का समय नहीं है और सभी दल आगे का रास्ता ढूंढने के लिए एकजुट हो गए हैं।श् देर से ही सही, लेकिन यह अच्छा संकेत है।

## चीन को रोकने की चुनौती

हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बनाना चीन की प्राथमिकता बनी हुई है। श्रीलंका और मालदीव जैसे छोटे देश इसी लिहाज से उसकी रणनीति में महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं। म्यांमार से संबंध को भी इसी कारण चीन ने खास तरजीह दे रखी है।

चीन के जिस जहाज को भारत और अमेरिका के दबाव के कारण श्रीलंका ने अपने तट पर आने की इजाजत नहीं दी थी, वह अब मालदीव पहुंचने वाला है। चीन का कहना है कि शियांग हांग होंग–०३ नाम का ये जहाज हिंद महासागर में असैनिक शोधा करने के मकसद से वहां जा रहा है। जबकि भारत इस अमेरिकी राय से सहमत रहा है कि चूंकि चीन में असैनिक और सैनिक दायरे में अंतर नहीं है, इसलिए हर असैनिक शोध से प्राप्त आंकड़ों का वहां सैनिक मकसद से इस्तेमाल किया जा सकता है। श्रीलंका ने पिछले अक्टूबर में भारत के विरोध के बावजूद एक चीनी शोध जहाज को अपने यहां आने की इजाजत दे दी थी। लेकिन उसके बाद अडानी ग्रुप के कोलंबो स्थित कंटेनर टर्मिनल प्रोजेक्ट में अमेरिका की सरकारी एजेंसी इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन ने ५५.३ करोड़ डॉलर के निवेश का फैसला किया। इससे वहां अमेरिका का भी सीधा हित जुड़ गया। इससे ताजा मामले में श्रीलंका सरकार भारत और अमेरिका के साझा विरोध की अनदेखी नहीं कर पाई। मगर इसी बीच मालदीव भारत के प्रभाव क्षेत्र निकलकर चीन के करीब पहुंच गया है। खबरों के मुताबिक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइजू ने अपनी हाल की चीन यात्रा में चीनी जहाज को मालदीव तट पर ठहरने की इजाजत दे दी। इस समय दुनिया में बढ़ते टकराव के बीच हिंद महासागर सबसे महत्त्वपूर्ण स्थलों में एक है। चीन का अरबों बिलियन डॉलर का कारोबार इस क्षेत्र से गुजरता है, जबकि यहां उसकी सैन्य उपस्थिति कमजोर है। ऐसे में हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति बनाना चीन की प्राथमिकता बनी रही है। श्रीलंका और मालदीव जैसे छोटे देश इसी लिहाज से उसकी रणनीति में महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं। म्यांमार से संबंध को भी इसी कारण चीन ने खास तरजीह दे रखी है। दूसरी तरफ भारत की राय में हिंद महासागर को उसका प्रभाव क्षेत्र है। इसीलिए इस क्षेत्र में चीन की पैठ रोकना भारतीय रणनीति का हिस्सा है। मगर छोटे देशों को निवेश और इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की पेशकश से लुभाने की चीन के पास मजबूत क्षमता है, इसलिए भारत के लिए यह काम चुनौती भरा बना हुआ है।

## बंटवारे को लेकर बातचीत अन्तिम दौर में

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के दरम्याना सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम दौर की बातचीत चल रही है। अगली बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे के भी शामिल होने की उम्मीद है। कुछ बिन्दुओं को लेकर गतिरोध जारी है। उप्र में कांग्रेस, सपा, रालोद, अपना दल (कमेरावादी) मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। सपा ने रालोद को सात सीटें देने का निर्णय किया है। तृणमूल कांग्रेस के लिए भी एक सीट छोडने का विचार किया जा रहा है। हालांकि पिछले चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस से केवल सोनिया गांधी ही जीत पाई थीं इसलिए माना जा रहा है कि प्रदर्शन के आधार पर कांग्रेस का दावा सिर्फ चार सीटों पर बनता है। रायबरेली, अमेठी, कानपुर व एक अन्य, जबकि सपा उदारता दर्शाने का संकेत दे रही रही है। वह कांग्रेस को १२ से १५ सीटें देने का मन बना रही है, पर कांग्रेस २५ सीटें चाहती है। उसका तर्क है कि सीटों का बंटवारा सपा के साथ नहीं माना जाना चाहिए बल्कि भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन का संदेश जाना चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती के अकेले चुनाव लडने के ऐलान के बाद गठबंधन के अन्य दल मिलकर भाजपा से भिडने पर राजी होते नजर आना चाह रहे हैं। मायावती के हाथ खींचने से भी कांग्रेस का सारा गणित गड़बड़ा गया प्रतीत हो रहा है। बसपा को अकेले दम पर पिछले चुनाव में १९.२६ फीसद वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को केवल ६.३१ फीसद। सपा को १७.९६ फीसद वोट हासिल हुए थे। इसलिए कांग्रेस की असल दिक्कत है कि वह धरातली हकीकत जानते हुए भी अपने प्रमुख विपक्षी दल होने के रुतवे के अलावा गठबंधन का सबसे बड़ा दल होने का संकेत भी देना चाहती है। संख्या का सामंजस्य बनाने और मजबूत प्रत्याशी उतारने के दरम्यान उसे और भी समझौते करने पड़ सकते हैं, यह वह भली–भांति जानती है। राहुल गांधी की श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश में गठबंधन दलों के रुचि न दिखाने पर तरह–तरह के कयास पहले ही लगाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का महत्त्व देश की राजनीति में कितना है,।

# क्या लखनऊ संसदीय सीट पर बीजेपी को वाकओवर देने के मूड में है सपा

बात सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा की कि जाये तो रविदास छात्रसंघ से निकलकर राजनीति में आए थे। रविदास पहली बार 1989 में विधायक चुने गए थे। साल 2012 विधानसभा चुनाव में सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ मध्य सीट से जीत दर्ज की थी। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और मोदी सरकार में टॉप तीन नेताओं में गिने जाने वाले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह क्या अबकी बार भी बीजेपी की तरफ से लखनऊ से लोकसभा प्रत्याशी होंगे? यह सवाल इसलिए उठा है क्योंकि उनकी उम्मीदवारी की घोषणा बीजेपी की तरफ से अभी तक नहीं हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि यदि वह चुनाव लड़ते हैं (इस बात की चर्चा है कि राजनाथ चुनाव लड़ने के मूड में नहीं हैं) तो उनकी या अन्य किसी बीजेपी प्रत्याशी की जीत की राह में शायद कोई बड़ा रोड़ा नहीं आयेगा क्योंकि यहां इंडी गठबंधन दरकता नजर आ रहा है। एक तरफ सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकें हो रही हैं तो दूसरी तरफ सपा ने लखनऊ मध्य विधान सभा क्षेत्र के विधायक रविदास मेहरोत्रा का लखनऊ से अपना लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। रविदास 2022 में हुए विधान सभा चुनाव में मात्र साढ़े छह हजार वोटों से चुनाव जीते थे, ऐसे में रविदास को राजनाथ के सामने काफी कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा है। बीते कई लोकसभा चुनाव में सपा यहां भाजपा के खिलाफ ज्यादा दमदार और लोकप्रिय प्रत्याशी उतारती रही है, जिसके मुकाबले भी रविदास काफी कमजोर प्रत्याशी लग रहे हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी ने अपने पत्ते धीरे–धीरे खोलने शुरू कर दिए हैं। यदि गठबंधन होता है और लखनऊ लोकसभा सीट कांग्रेस के हिस्से में न जाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में जाती है तो भी लखनऊ में त्रिकोणीय मुकाबला ही होगा। भाजपा और सपा



के अलावा बसपा भी यहां से संभवतः अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेगी। बात सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा की कि जाये तो रविदास छात्रसंघ से निकलकर राजनीति में आए थे। रविदास पहली बार 1989 में विधायक चुने गए थे। साल 2012 विधानसभा चुनाव में सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ मध्य सीट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। हालांकि 2017 में रविदास मेहरोत्रा को जीत नहीं मिली लेकिन 2022 विधानसभा चुनाव में उन्होंने फिर लखनऊ मध्य की सीट पर समाजवादी पार्टी का झंडा फहरा दिया था। रविदास को लखनऊ से उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि अभी अधिकारिक घोषणा होना बाकी है लेकिन सूत्रों की मानें तो रविदास मेहरोत्रा का नाम लखनऊ के लिए लगभग तय है। लखनऊ लोकसभा सीट की बात करें तो यह सीट बीजेपी का गढ़ मानी जाती है। लखनऊ लोकसभा सीट पर बीजेपी का 1991 से कब्जा है। साल 2004 तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद 2009 लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन सांसद बने।बीजेपी के लिए अजेय बनी इस सीट पर 2014 में फिर कमल खिला। साल 2014 लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह बीजेपी से सांसद बने। समाजवादी पार्टी ने 1996 से लेकर 2019 तक सिने स्टार राजबब्बर, फिल्म निर्माता मुजफ्फर अली से लेकर फिल्म स्टार शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी तक को चुनाव लड़ाया। इसके अलावा भगवती सिंह, मधु गुप्ता और अभिषेक मिश्रा जैसे स्थानीय चेहरों पर भी दांव लगाया लेकिन नतीजे नहीं बदले। पार्टी अब स्थानीय चेहरे के भरोसे 2024 में लखनऊ से उम्मीदें जोड़ने की तैयारी में है। देखना यह है कि बसपा लखनऊ लोकसभा सीट को लेकर कितनी गंभीर है और क्या कांग्रेस लखनऊ से अपना प्रत्याशी नहीं उतारने के लिए मान जायेगी। कुल मिलाकर लखनऊ संसदीय सीट पर बीजेपी को वॉकओवर मिलता दिख रहा है।

# प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है

प्रभु श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी पूज्य है। कई देशों ने तो रामायण को अपनी भाषा में भी लिखा है। इस दृष्टि से रामायण के कई रूप हैं। थाईलैंड, कम्बोडिया, लाओस, चीन, म्यांमार, इंडोनेशिया, वियतनाम, आदि देशों में रामायण के स्थानीय रूप मिलते हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो गई है और अब अयोध्या विश्व के अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के पटल पर आ गया है। इसका अब भारत की आर्थिक प्रगति पर भी बहुत बड़ा असर होने जा रहा है। स्थानीय स्तर पर तो अब भारत के नए भविष्य की एक नई शुरुआत होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने उदबोधन में कहा है कि प्रभु श्रीराम सभी के है अतः यह भारत के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। प्रत्येक भारतीय रामायण पढ़ता है एवं अयोध्या के महत्व को भी समझता है। यह प्रभु श्रीराम का जन्म स्थल है और यह प्रभु श्रीराम की 500 वर्षों के बाद एक तरह से घर वापसी ही मानी जानी चाहिए। प्रभु श्रीराम भारत के कण कण में बसते हैं अतः अब ऐसी आशा की जानी चाहिए कि भारत में निवासरत विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक एक होकर भारत के विकास की गति को आगे बढ़ाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेंगे। प्रभु श्रीराम केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी पूज्य है। कई देशों ने तो रामायण को अपनी भाषा में भी लिखा है। इस दृष्टि से रामायण के कई रूप हैं। थाईलैंड, कम्बोडिया, लाओस, चीन, म्यांमार, इंडोनेशिया, वियतनाम, आदि देशों में रामायण के स्थानीय रूप मिलते हैं। पूरे विश्व में कुल मिलाकर 300 भाषाओं में रामायण उपलब्ध है। उत्तरी थाईलैंड में एक शहर का नाम ही अजोध्या है। यह प्राचीन काल में एशियन थाई राज्य की राजधानी रहा है। कालांतर में जिन देशों में भारतीय मूल के नागरिक गए हैं वहां रामायण भी पहुंचा है। जैसे केरेबीयन देशों में, अफ्रीकन देशों में, फीजी आदि देशों में प्रभु श्रीराम विद्यमान रहे हैं और यहां के नागरिक, भारतीय मूल के नागरिकों सहित, प्रभु श्रीराम की पूजा करते हैं। अब भारत इन सभी देशों के साथ अपने राजनैतिक एवं सामरिक रिश्तों को मजबूत कर सकता है और इन देशों में रह रहे नागरिकों को भारत एक तरह से अपने देश की तरह दिखाई देने जा रहा है।

# सिंचाई की बाट जोहता सुकमा का विकास

शहनवाज खान

छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुदूर दक्षिणी छोर में बसा जिला सुकमा, जहां की ज्यादातर जनसंख्या आदिवासियों की है। जो राज्य की पहचान है । मैं जन्म से ही सुकमा जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों को बहुत नजदीक से देखा और समझा हूं। हमने अपने पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को काफी करीब से देखा हैं। जिस कारण हमारे जिले के विकास में बाधाएं और कमियों को आसानी से बता सकने में सक्षम हूं। इन बाधाओं और कमियों को दूर कर सुकमा जिले को बेहतर और समृद्ध बनाया जा सकता हैं। हमने देखा है पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में शासन ने सिंचाई को प्राथमिकता से काम किया है। और कृष्णा नदी में कई डैम बनाए गए जिसके कारण आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के कई जिलों को सिंचाई और बिजली की समुचित व्यवस्था हो रही है। इसी प्रकार गोदावरी नदी में तेलंगाना ने कई सिंचाई परियोजनाओ का निर्माण किया हैं। कालेश्वर जैसे विश्व के सबसे बड़े लिफ्ट एरिगेशन की परियोजना गत ५ वर्षों में बनकर पूर्ण हुआ। आंध्र प्रदेश में ब्रिटिश के जमाने से ही कालेश्वर डायवर्सन परियोजना ब्रिटिश

इंजीनियर ऑर्थर कॉटन द्वारा हुआ था । जिसका फायदा तीन बड़े केनालो के माध्यम से राज्य के दो जिलों में सिंचाई हो रहा है। और यहां वर्ष भर में ०४ फसल किसान उपजाते हैं। इसके अलावा वाय.एस राजशेखर रेड्डी की सरकार जल मग्न नामक योजना चला कर पूरे संयुक्त आंध्र प्रदेश में छोटे बड़े नालों को रोककर छोटे डेमो का निर्माण युद्ध स्तर में किया । इन डेमो से कई लाखों एकड़ बंजर भूमि को कृषि योग बनाया गया। जिससे उस क्षेत्र के किसानों का जीवनदशा तो बदल ही साथ ही साथ आर्थिक स्थिति में काफी सुधार देखने को मिल और वहां के भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि आयी।

वर्तमान में आंध्र प्रदेश राज्य के गोदावरी नदी में पोलावरम नमक एशिया का सबसे बड़ा पानी डिस्चार्ज क्षमता वाला डैम का निर्माण किया जा रहा है । जबकि उसे डैम का ८०त्न पानी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के सबरी नदी से जाता है। इस डैम के निर्माण से आंध्र प्रदेश के सभी १० जिलों को सिंचाई और ६६० मेगावाट बिजली मिलेगा जो की २०२८ तक पूर्ण होने वाला है। इसी तरह से हमारे पड़ोसी राज्य उड़ीसा भी गत पांच वर्षों से सबरी नदी में कई सिंचाई परियोजना पर कार्य किया है और पानी लिफ्ट कर अपने राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाया है।

अगर हम अपने पड़ोसी राज्यों की विकास की बातें करते हैं तो हम पाते हैं कि यहां सिंचाई और कृषि के लिए शासन ने प्राथमिकता से कार्य किया है। मैं यह सब इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में सिंचाई के लिए किए गए दो दशकों से अधिक का कार्य संतोषजनक नहीं रहा। और हम अपने पड़ोसी राज्यों से तुलना करने पर उक्त क्षेत्र में काफी पिछड़े हैं ।अगर हम अपने छत्तीसगढ़ में सिंचाई की परियोजना के बारे में बात करें तो पिछले २० वर्षों में बस्तर संभाग में कोसारहेड़ा परियोजना को छोड़कर हमारे पास बताने को कुछ विशेष नहीं है। जिससे सिंचाई क्षेत्र में कोई विशेष वृद्धि नहीं दिखती। इस विषय में सरकार को सोचना होगा और अन्य पड़ोसी राज्यों से सीख लेनी होगी जिससे कि किसानों के फसल में वृद्धि और उनके विकास करने का राह क्या होगा? हमारे पास भरपुर खनिज संपदा है। यह गर्व की बात है। परंतु हम सिफर्ह खनिज उत्खनन कर राज्य को समग्र एवं समावेशी विकास की बात नहीं कर सकते।

हमारे सुकमा जिले में सिंचाई की सुविधा कृषि क्षेत्र की तुलना में बहुत कम है सिंचाई विभाग दम तोड़ रहा है १९७५ के आसपास बने सिंचाई विभाग के तालाब में पानी आज भी बहुत अच्छा है लेकिन जरूरत है तो मरम्मत, सुलूस गेट सुधार कर केनाल बंदोबस्त करना। इससे मुख्य तालाब हैं, बोड्डीगुड़ा जलाशय, कनईगुडा जलाशय, चिंतागुफा जलाशय, अचगट जलाशय हैं। साथ ही डायवर्सन परियोजनाओं में पेंटा नाल, एर्राबोर, इंजरम, मंगलगुड़ा लिफ्ट एरीगेशन की कई परियोजनाएं हैं और अन्य कई परियोजनाएं हैं जो सुकमा जिले में सिंचाई विभाग द्वारा १९७५ से पूर्व में किया था। परंतु आज मेंटेनेंस के कारण अस्त–व्यस्त पड़े हैं। जिससे यहां के आदिवासी कृषक उसका समुचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं। सुकमा जिले में २००४–५ में सर्वे किया गया । भीमसेन घाट डायवर्सन परियोजना छिंदगढ़ जो की सिंचाई विभाग द्वारा सर्वे कर छत्तीसगढ़ शासन को अपना रिपोर्ट २००५ में दिया ।जिससे सबरी नदी में डायवर्सन करना था यह योजना पूरे सुकमा जिले का कायाकल्प बदल सकता था। और एक तरह से जिले में सिंचाई क्रांति आ जाती। परंतु शासन करना चाहें तब?वैसे देखा जाएं तो सुकमा जिले में आम की खेती सबसे सफल हो सकता है। क्योंकि यहां की मिट्टी एवं जलवायु आम की खेती के लिए अनुकूल है। पूरे छत्तीसगढ़ में आम सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश से आता है ।जबकि हमारे सुकमा जिले में इतनी संभावनाएं हैं कि आंध्र प्रदेश से कई गुणा आम उपजाकर अन्य राज्यों की मांग की पूर्ति कर सकते हैं। बस जरूरत है तो उद्यान विभाग एवं जिला प्रशासन के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित करने और आम के खेती से लाभ को समझाने का। साथ ही साथ जिले के सफल आम के किसानों के साथ कार्यशाला का आयोजन करने का। इस प्रकार आम की बागवानी को शासन विशेष प्राथमिकता देते हुए सुकमा जिले को आम की खेती की विभिन्न परियोजना बनाकर काम करने का अधिकार स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन को दे और कलेक्टर जो भी आए जाए आम प्लांटेशन की योजना का काम रुकना नहीं चाहिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सुकमा जिले में आम की बागवानी की सफलता पर बात करें तो कई उदाहरण भानुप्रताप सिंह ढोंढरा बागवानी, गायत्री बागवान ढोंढरा, संयुक्त किसान फांडीगुड़ा, वासुदेव सिंह ढोंढरा बागवानी, बोड्डू राजा आसिरगुड़ा, वंजम अशोक सुन्नमगुड़ा, सुरीबाबू नयापारा कोंटा पूरे सुकमा जिले एवं आसपास के इलाकों में आम यहीं से आता है। सुकमा जिले में सिंचाई व्यवस्था को सुदृंढ कर यहां के कृषि क्षेत्र को उन्नत एवं विकसित किया जाना चाहिए । साथ ही साथ आम, काजू, नारियल जैसे व्यापक योजना बनाकर स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाया जाना चाहिए । इन क्षेत्रों में प्राकृतिक और जलवायु इन फसलों के अनुकूल है। इन तमाम योजनाओं एवं कार्यों से निश्चित ही सुकमा जिले में विकास एवं यहां के कृषकों के जीवन स्तर में सुधार का मार्ग प्रशस्त होगा ।लेखक बस्तर के युवा पत्रकार हैं

**धरा लहरा उठी, अम्बर सितारे जगमगाये हैं।**
**अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये है ं।।**

**नया भारत, नई उम्मीद का प्रारंभ है देखो।**
**दुराचारी, कुशासन का उतरता दंभ है देखो।।**
**मुगल भागे, गये अंग्रेज भी, अब छोड़कर भारत।**
**अखंडित फिर बनेगा एक दिन सब जोड़कर भारत।।**

**सनातन लौ लगा कर, धर्म के दीपक जलाये हैं।।**
**अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।**

**तपोवन संत साधक भी दिखेंगे, दिव्य वसुधा पर।**
**तपस्वी शासकों को ही मिलेगा, मान सत्ता पर।।**
**दमन होगा दुशासन, द्वेष, दुष्कर्मों, दशानन का।**
**दिखेगा आगमन निर्दोष, निर्मल, निष्कपट मन का।।**

**अवध सरयू सजाई है, सड़क आँगन सजाये हैं।**
**अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।**

**हरेंगे राम आकर के सभी संताप धरती से।**
**मिटेंगे सब जनों के सब पुराने पाप धरती से।**
**लगे बरसों, गँवाया वक्त, रघुनन्दन बुलाने में।**
**लगेंगे अब नहीं दिन, माथ पर चंदन लगाने में।**

**नमन में हम सभी बस, एक टक पलकें बिछाये हैं।**
**अयोध्या में दुबारा फिर, हमारे राम आये हैं।।**

कविताकार – संजीव कुमार



# फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन के साथ शुरू की बंदूक सुरक्षा पहल, अमेरिका में हजारों हत्याएं करने वाले गन कल्चर पर लगेगी लगाम ?



गन वायलेंस प्रिवेंशन का व्हाइट हाउस कार्यालय चलाने वाली स्टेफनी फेल्डमैन भी भाग लेंगी। फेल्डमैन ने संवाददाताओं से कहा कि हम जानते हैं कि आग्नेयास्त्रों का सुरक्षित भंडारण जीवन बचा सकता है, विशेष रूप से आग्नेयास्त्रों और स्कूल की गोलीबारी से आत्महत्या को कम करके। व्हाइट हाउस बच्चों की सुरक्षा के लिए आग्नेयास्त्रों को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के महत्व के बारे में प्रचार करने में मदद करने के लिए स्कूल नेताओं को शामिल करने का प्रयास कर रहा है। नई पहल का अनावरण गुरुवार को प्रथम महिला जिल बाइडेन और शिक्षा सचिव मिगुएल कार्डोना के साथ स्कूल प्रिंसिपलों के लिए एक कार्यक्रम में किया जाएगा। गन वायलेंस प्रिवेंशन का व्हाइट हाउस कार्यालय चलाने वाली स्टेफनी फेल्डमैन भी भाग लेंगी। फेल्डमैन ने संवाददाताओं से कहा कि हम जानते हैं कि आग्नेयास्त्रों का सुरक्षित भंडारण जीवन बचा सकता है, विशेष रूप से आग्नेयास्त्रों और स्कूल की गोलीबारी से आत्महत्या को कम करके। बंदूकें अमेरिकी बच्चों की मौत का प्रमुख कारण हैं और स्कूल की गोलीबारी में इस्तेमाल की जाने वाली अधिकांश बंदूकें शूटर के घर से ली जाती हैं। फेल्डमैन ने कहा कि मुझे पता है कि कुछ माता–पिता ऐसे हैं जो हर दिन उठते हैं, अपने बच्चों को स्कूल छोड़ते हैं और जब वे अपने बच्चों को उस दरवाजे से गुजरते हुए देखते हैं, तो उनमें से एक छोटा सा हिस्सा होता है जो स्कूल के दिनों में बंदूक हिंसा के बारे में चिंतित होता है। घोषणा के हिस्से के रूप में न्याय विभाग सुरक्षित आग्नेयास्त्र भंडारण के लिए एक गाइड जारी करेगा, और शिक्षा विभाग स्कूलों में सामग्री वितरित करेगा जिसे परिवारों के साथ साझा किया जा सकता है। प्रशासन ने इस तरह की पहल पर भरोसा किया है, जिसमें सीमित कार्यकारी कार्रवाई और स्वैच्छिक उपायों को बढ़ावा देना शामिल है, ऐसे समय में जब कांग्रेस में सख्त बंदूक नियंत्रण प्रस्ताव गैर–स्टार्टर हैं। ऐसा कोई संघीय कानून नहीं है जिसमें बंदूक मालिकों को अपने आग्नेयास्त्रों को बंद करने की आवश्यकता हो, हालांकि व्हाइट हाउस ने ऐसे नियमों को राज्य स्तर पर लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# 200 सालों में जिसने नहीं लड़ा कोई युद्ध, उसकी जिद के आगे तुर्की ने भी मानी हार, नाटो सदस्यता पर क्यों बदला अपना रुख ?



स्वीडन ने दो शताब्दियों में कोई युद्ध नहीं लड़ा है। दो विश्व युद्धों और शीत युद्ध के दौरान तटस्थ रहा है। हाल के वर्षों में जबकि वह यूरोपीय संघ में शामिल हो गया और नाटो के साथ सहयोग किया, उसने वास्तव में उस सैन्य गठबंधन में शामिल होने का कोई इरादा नहीं दिखाया, जबकि उसका शक्तिशाली पड़ोसी रूस है।यूरोपीय देश स्वीडन के नाटो में शामिल होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। तुर्की की संसद ने इसकी सदस्यता का समर्थन किया। किसी नए देश को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के लिए सभी मौजूदा सदस्यों को इसका अनुमोदन करना होता है। तुर्की और हंगरी लगभग पिछले दो वर्षों से स्वीडन के प्रवेश का विरोध कर रहे थे। नाटो में क्यों शामिल होना चाहता है स्वीडन ? स्वीडन ने दो शताब्दियों में कोई युद्ध नहीं लड़ा है। दो विश्व युद्धों और शीत युद्ध के दौरान तटस्थ रहा है। हाल के वर्षों में जबकि वह यूरोपीय संघ में शामिल हो गया और नाटो के साथ सहयोग किया, उसने वास्तव में उस सैन्य गठबंधन में शामिल होने का कोई इरादा नहीं दिखाया, जबकि उसका शक्तिशाली पड़ोसी रूस है। हालाँकि, रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद इस तटस्थता को छोड़ना पड़ा। नाटो में शामिल होने के पक्ष में जनता की राय बढ़ने के साथ, स्वीडन और फिनलैंड दोनों ने 2022 में सदस्यता के लिए आवेदन किया। जबकि फिनलैंड की मांग को मंजूरी मिल गई। स्वीडन को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। एक बार जब कोई देश नाटो का सदस्य बन जाता है, तो उसके क्षेत्र पर हमला अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन पर हमला माना जाता है। सभी 31 सदस्य एक–दूसरे की रक्षा करने के लिए बाध्य होते हैं।स्वीडन की मांग का तुर्की क्यों कर रहा था विरोध तुर्की ने स्वीडन पर कुर्द आतंकवादी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) जैसे समूहों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया था, जिन्हें वह आतंकवादी मानता है। स्वीडन में आयोजित कुरान जलाने वाले विरोध प्रदर्शन, जिसके बारे में वहां की सरकार का कहना है कि यह भाषण की स्वतंत्रता कानूनों के तहत संरक्षित है, ने तुर्की के साथ उसके संबंधों में और खटास ला दी। जब तुर्की के विधायकों ने हाल ही में स्वीडन की बोली को मंजूरी दे दी, तो एर्दोगन की पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य फुआट ओकटे ने संसद को बताया कि स्वीडन ने अपने आतंकवाद विरोधी कानूनों को कड़ा कर दिया है, पीकेके की गतिविधियों पर रोक लगा दी है और तुर्की को हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध हटा दिया है, एपी ने बताया। स्वीडन ने भी कहा है कि वह तुर्की की यूरोपीय संघ सदस्यता बोली का समर्थन करेगा। दोंगन ने स्वीडन को तुर्की के समर्थन को अमेरिका द्वारा अंकारा को 40 एफ–16 लड़ाकू विमान बेचने पर सहमति से भी जोड़ा था। हालांकि अमेरिका ने यह नहीं कहा था कि सौदा तुर्की के स्वीडन कार्यों पर निर्भर करेगा, लेकिन बिक्री अब होने की उम्मीद है। कितना ताकतवर है स्वीडन ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स के 145 देशों की लिस्ट में स्वीडन 37वें नंबर पर है। स्वीडन की सीमाएं पश्चिम और उत्तर में नॉर्वे और पूर्व में फिनलैंड से लगी हुई है। नॉर्डिक देशों में स्वीडन सबसे बड़ा है। स्वीडिश सेना में कुल सैन्यकर्मी की संख्या 38 हजार है। इसमें 16 हजार एक्टिव पर्सनल्स और 22 हजार रिजर्व पर्सनल्स शामिल हैं। स्वीडिश आर्मी में 7000 सैनिक, एयरफोर्स में 3000 सैनिक और नेवी में 2100 सैनिक हैं। स्वीडन की थल सेना में 121 टैंक हैं। इसके अलावा सेना के पास अलग–अलग तरह की कुल 14088 गाड़ियां हैं। स्वीडिश वायु सेना में कुल 205 एयरक्राफ्ट हैं। इसमें 71 लड़ाकू विमान, 6 ट्रांसपोर्ट विमान, 69 ट्रेनी, 5 स्पेशल मिशन, 1 टैंकर एयरक्रॉफ्ट और 53 हेलीकॉप्टर हैं। स्वीडिश नौसेना में कुल 367 पोत हैं। इसमें 7 कॉर्वेट्स, 9 माइन वॉरफेयर और 5 पनडुब्बियां भी शामिल हैं।

# 'लैंडर' अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुँचने में हुआ सफल

'स्मार्ट लैंडर' या 'स्लिम' मिशन के शनिवार को चांद पर पहुंचने के बाद जापान चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया था। लेकिन सौर बैटरियों की तकनीकी समस्या के कारण पहले तो यह पता लगाना मुश्किल हो गया था कि यह अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा या नहीं। टोक्यो। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके चंद्र मिशन का 'लैंडर' अपने निर्धारित लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गया है लेकिन जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि वह उल्टा है। 'स्मार्ट लैंडर' या 'स्लिम'



मिशन के शनिवार को चांद पर पहुंचने के बाद जापान चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया था। लेकिन सौर बैटरियों की तकनीकी समस्या के कारण पहले तो यह पता लगाना मुश्किल हो गया था कि यह अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा या नहीं। स्थानीय समयानुसार शनिवार तड़के जापानी अंतरिक्ष यान चंद्रमा की सतह पर उतरा था। लैंडर के मुख्य इंजनों में से एक ने चंद्रमा की सतह से लगभग 50 मीटर (54 गज) ऊपर अपेक्षित कार्यबल खो दिया, जिसके कारण नियोजित लैंडिंग नहीं हो सकी थी। कुछ दिनों के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद 'जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी' या जाक्सा ने कहा कि अंतरिक्ष यान अपने लक्ष्य से लगभग 55 मीटर (60 गज) दूर, शियोली क्रेटर के निकट उतरा, जो ज्वालामुखी चट्टान से ढका हुआ क्षेत्र है। चंद्र मिशन के लैंडर ने सतह की बॉक्स के आकार की कुछ तस्वीरें भेजी हैं लेकिन यह उल्टी दिखाई दी। जाक्सा के परियोजना प्रबंधक शिनिचिरो साकाई ने कहा कि भेजी गई तस्वीरें बिल्कुल वैसी ही थीं जैसी उन्होंने कल्पना की थी और कंप्यूटर ग्राफिक्स में देखी थीं। जापान से पहले अमेरिका, सोवियत संघ, चीन और भारत चंद्रमा की सतह पर पहुंचे थे। भारत पिछले साल चांद पर सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था।

# चीन सीपीईसी परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार



चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग की हाल में हुई पाकिस्तान यात्रा के बारे में वांग ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री काकड़, 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेना अध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की थी। प्रवक्ता ने कहा कि चीन के मंत्री ने विदेश सचिव साइरस सज्जाद काजी के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय पर सीपीईसी संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह–अध्यक्षता भी की थी। इस बीच प्रधानमंत्री काकड़ ने इस्लामाबाद में कहा, ''हमने सीपीईसी का पहला चरण पहले ही हासिल कर लिया है और हम इसकी शुरुआती परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। हम दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। जब दूसरे चरण की बात आती है तो हमें इस पर और अधिक विचार–विमर्श करने की आवश्यकता है। चीन ने कहा है कि वह अरबों डॉलर की लागत वाली चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। 'डॉन' समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, चीन का कहना है कि वह सीपीईसी को आगे बढ़ाने और भविष्य में दोनों देशों के बीच परस्पर राजनीतिक विश्वास को और गहरा करने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने इस्लामाबाद में कहा कि सीपीईसी के पहले चरण को हासिल करने के बाद, पाकिस्तान अपनी प्रारंभिक परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहा है और अगले चरण को लागू करने के लिए चीन के संपर्क में है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, "चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच महत्वपूर्ण आम समझ बनाने, राजनीतिक आपसी विश्वास को गहरा करने और व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने के वास्ते पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।" सीपीईसी का उद्देश्य पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर बंदरगाह को चीन के झिंजियांग प्रांत से जोड़ना है। भारत इस परियोजना पर आपत्ति जताता रहा है क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरती है। चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग की हाल में हुई पाकिस्तान यात्रा के बारे में वांग ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री काकड़, 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेना अध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की थी। प्रवक्ता ने कहा कि चीन के मंत्री ने विदेश सचिव साइरस सज्जाद काजी के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय पर सीपीईसी संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह–अध्यक्षता भी की थी। इस बीच प्रधानमंत्री काकड़ ने इस्लामाबाद में कहा, ''हमने सीपीईसी का पहला चरण पहले ही हासिल कर लिया है और हम इसकी शुरुआती परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। हम दूसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। जब दूसरे चरण की बात आती है तो हमें इस पर और अधिक विचार–विमर्श करने की आवश्यकता है।

# सीपीईसी परियोजना को उन्नत करने के लिए काम करने को तैयार चीन, पाकिस्तान ने किया दावा



डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने कहा है कि वह सीपीईसी को उन्नत करने और नए युग में साझा भविष्य के साथ और भी करीबी चीन–पाकिस्तान समुदाय के निर्माण में तेजी लाने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा कि सीपीईसी के पहले चरण को हासिल करने के बाद पाकिस्तान अपनी प्रारंभिक फसल परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहा है, जबकि अगले चरण को निष्पादित करने के लिए चीन के साथ जुड़ा हुआ है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को एक ब्रीफिंग के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच महत्वपूर्ण आम समझ को पूरा करने राजनीतिक आपसी विश्वास को गहरा करने और व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है।डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने कहा है कि वह सीपीईसी को उन्नत करने और नए युग में साझा भविष्य के साथ और भी करीबी चीन–पाकिस्तान समुदाय के निर्माण में तेजी लाने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है। सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है। भारत इसका विरोध कर रहा है क्योंकि इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से बनाया जा रहा है। चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइडॉन्ग की हालिया पाकिस्तान यात्रा के बारे में वांग ने कहा, उन्होंने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधान मंत्री काकर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर से मुलाकात की। और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हित के मुद्दों पर विचारों का गहन आदान–प्रदान करेंगे।

# नहीं बाज आ रहा सनकी तानाशाह, उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उनका मानना घ्ध्है कि फायरिंग मौजूदा मिसाइलों की क्षमताओं के उन्नयन का परीक्षण करने के लिए थी। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि उत्तर ने सुबह लगभग 7 बजे अपने पश्चिमी तट से समुद्र की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं, जबकि सियोल के रक्षा मंत्री शिन वोन–सिक ने प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे अपने देश के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने अपनी नई रणनीतिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया, राज्य मीडिया केसीएनए ने गुरुवार को रिपोर्ट दी, जो दक्षिण कोरियाई सेना द्वारा एक दिन पहले कही गई बात की पुष्टि करती है। राज्य मीडिया ने कहा कि ष्पुलह्वासल–3–31ष् नाम की मिसाइल अभी विकासाधीन है और परीक्षण–फायरिंग का पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना–देना नहीं है। मिसाइल प्रशासन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि यह परीक्षण देश की हथियार प्रणाली को अद्यतन करने की प्रक्रिया का भी हिस्सा था।दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उनका मानना घ्ध्है कि फायरिंग मौजूदा मिसाइलों की क्षमताओं के उन्नयन का परीक्षण करने के लिए थी। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि उत्तर ने सुबह लगभग 7 बजे अपने पश्चिमी तट से समुद्र की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं, जबकि सियोल के रक्षा मंत्री शिन वोन–सिक ने प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे अपने देश के लिए एक गंभीर खतरा बताया। रणनीतिक आमतौर पर परमाणु–सक्षम हथियारों को संदर्भित करता है। उत्तर कोरिया ने सितंबर 2021 में संभावित परमाणु हमला क्षमताओं वाली क्रूज मिसाइल का पहला परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह निगरानी क्षमताओं में सुधार करने और रक्षा निर्यात में योगदान देने के लिए 2027 में उन्हें तैनात करने के लक्ष्य के साथ मध्यम ऊंचाई वाले टोही ड्रोन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर रहा है। उत्तर कोरिया की क्रूज मिसाइलें आमतौर पर बैलिस्टिक मिसाइलों की तुलना में कम रुचि पैदा करती हैं क्योंकि वे संयुक्त राष्ट्र राष्ट्र सुरक्षा परिषद के किसी भी प्रस्ताव द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित नहीं हैं। लेकिन विश्लेषकों ने कहा है कि मध्यम दूरी की, जमीन पर हमला करने वाली क्रूज मिसाइलें बैलिस्टिक मिसाइलों से कम खतरा नहीं हैं और उत्तर कोरिया के लिए एक गंभीर क्षमता हैं।

# कोलाम्बो के जल आपूर्ति राज्य मंत्री सनथ निशांत की कोलंबो में सड़क हादसे में मौत



श्रीलंका पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिस एसयूवी में 48 वर्षीय जल आपूर्ति राज्य मंत्री यात्रा कर रहे थे वह देर रात दो बजे कोलंबो की ओर जा रहे एक मालवाहक कंटेनर ट्रक के पिछले हिस्से से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबो। श्रीलंका के राज्य मंत्री सनथ निशांत और उनकी सुरक्षा टीम के एक कांस्टेबल की बृहस्पतिवार सुबह एक राजमार्ग पर कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। श्रीलंका पुलिस ने एक बयान में कहा कि जिस एसयूवी में 48 वर्षीय जल आपूर्ति राज्य मंत्री यात्रा कर रहे थे वह देर रात दो बजे कोलंबो की ओर जा रहे एक मालवाहक कंटेनर ट्रक के पिछले हिस्से से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समाचार नेटवर्क 'न्यूज फर्स्ट लंका' ने पुलिस के हवाले से बताया कि वाहन के चालक को गंभीर चोटें आईं और उसे रागमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पाकिस्तान का चुनावी सर्कस, नवाज शरीफ की रैली में असली शेर और बाघ लेकर पहुंचे समर्थक, जानें फिर क्या हुआ ?

पाकिस्तान के सबसे सीनियर नेताओं में सोमवार नवाज शरीफ की लाहौर में रैली थी। इस रैली में कुछ ऐसा हुआ जिससे पूरी दुनिया में पाकिस्तान का एक बार फिर मजाक बन गया। पीएमएनएल की चुनावी रैली में कार्यकर्ता असली शेर लेकर पहुंच गए। पाकिस्तान में 8 फरवरी को मतदान होना है जिसके लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। लेकिन प्रचार के दौरान वहां जो हो रहा है वह किसी सियासी सर्कस से काम नहीं है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी का चुनाव चिन्ह शेर है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता असली शेर ही चुनाव में ले आए। इस ड्रामेबाजी के बीच पाकिस्तान संकट के ऐसे भवन में फंसा है जहां से बाहर निकलना बड़ी चुनौती है। प्रचार के दौरान भी इसकी खूब चर्चा हो रही है। नवाज शरीफ का पाकिस्तान को एशियाई टाइगर बनाने का सपना तो चकनाचूर हो गया लेकिन चुनाव में पूरी दुनिया पाकिस्तान का सियासी सर्कस जरूर देख रही है। पाकिस्तान के सबसे सीनियर नेताओं में सोमवार नवाज शरीफ की लाहौर में रैली थी। इस रैली में कुछ ऐसा हुआ जिससे पूरी दुनिया में पाकिस्तान का एक बार फिर मजाक बन गया। पीएमएनएल की चुनावी रैली में कार्यकर्ता असली शेर लेकर पहुंच गए। यह रैली लाहौर में थी इसके लिए भाड़े की भीड़ भी जुटा गई लेकिन सर्कस तब शुरू हो गया जब रैली में ही पिंजरे में एक शेर लाया गया। लाहौर रैली में नवाज के आने से पहले कुछ कार्यकर्ता शेर लेकर पहुंच गए थे। जब पार्टी की फजीहत शुरू हुई तो मरियम और नवाज दोनों की नींद खुली और फटकार लगाने की दिखाए वाली कार्रवाई शुरू हुई। पीएमएल–एन नेता मरियम औरंगजेब ने कहा कि नवाज शरीफ ने मोहिनी रोड पर रैली में शेर लाने पर ध्यान दिया और जानवर को तुरंत वापस भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि नवाज शरीफ ने निर्देश दिया है कि पाकिस्तान की किसी भी रैली में कोई असली शेर या कोई अन्य जानवर नहीं लाया जाना चाहिए। इस बीच, अपनी रैली में नवाज शरीफ ने कहा कि प्रधानमंत्री पद से उनके हटने के बाद पाकिस्तान संकट में है। मियां नवाज की हिदायत का कितना असर होगा यह तो कहना मुश्किल है लेकिन 8 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले पाकिस्तान में चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़ चुका है।

# पाकिस्तान का चुनावी सर्कस, नवाज शरीफ की रैली में असली शेर और बाघ लेकर पहुंचे समर्थक, जानें फिर क्या हुआ ?

पाकिस्तान के सबसे सीनियर नेताओं में सोमवार नवाज शरीफ की लाहौर में रैली थी। इस रैली में कुछ ऐसा हुआ जिससे पूरी दुनिया में पाकिस्तान का एक बार फिर मजाक बन गया। पीएमएनएल की चुनावी रैली में कार्यकर्ता असली शेर लेकर पहुंच गए। पाकिस्तान में 8 फरवरी को मतदान होना है जिसके लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। लेकिन प्रचार के दौरान वहां जो हो रहा है वह किसी सियासी सर्कस से काम नहीं है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी का चुनाव चिन्ह शेर है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता असली शेर ही चुनाव में ले आए। इस ड्रामेबाजी के बीच पाकिस्तान संकट के ऐसे भवन में फंसा है जहां से बाहर निकलना बड़ी चुनौती है। प्रचार के दौरान भी इसकी खूब चर्चा हो रही है। नवाज शरीफ का पाकिस्तान को एशियाई टाइगर बनाने का सपना तो चकनाचूर हो गया लेकिन चुनाव में पूरी दुनिया पाकिस्तान का सियासी सर्कस जरूर देख रही है। पाकिस्तान के सबसे सीनियर नेताओं में सोमवार नवाज शरीफ की लाहौर में रैली थी। इस रैली में कुछ ऐसा हुआ जिससे पूरी दुनिया में पाकिस्तान का एक बार फिर मजाक बन गया।

# यशस्वी जायसवाल की शानदार बल्लेबाजी से क्रिकेट के जानकार काफी खुश

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। जहां वहीं बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। इस दौरान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने आए युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जडा है। ये उनका टेस्ट करियर का दूसरी फिफ्टी है। हैदराबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। जहां इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 246 रन बनाए और पूरी टीम सिमट गई। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। इस दौरान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने आए युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जडा है। ये उनका टेस्ट करियर का दूसरी फिफ्टी है। यशस्वी जायसवाल ने क्रीज पर आते ही अपने इरादे साफ कर दिए और पारी की पहली ही गेंद को बाउंड्री पार भेज दिया। वह इसके बाद भी नहीं रुके और उनका आक्रामक अंदाज जारी रहा और उन्होंने तेज गति से रन बनाते हुए अपने अर्धशतक सिर्फ 47 गेंदों में पूरा कर लिया। पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी अपनी धरती पर टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कभी भी टेस्ट फॉर्मेट में इस टीम के खिलाफ नहीं खेला था और उनकी शुरुआत इंग्लिश टीम के खिलाफ शानदार रही। इस मैच की पहली पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी ने इंग्लिश टीम के खिलाफ महज 47 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की। फिलहाल, खबर लिखे जाने तक भारत ने अपना पहला विकेट रोहित शर्मा के रूप में खोया है। वहीं क्रीज पर शुबमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी पारी को आगे बढ़ा रही है। जबकि भारत का स्कोर 1 विकेट के नुकसान पर 87 रन हो गए हैं।

# यशस्वी जायसवाल की शानदार बल्लेबाजी, जड़ा टेस्ट क्रिकेट का दूसरा अर्धशतक



भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। जहां वहीं बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। इस दौरान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने आए युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जडा है। ये उनका टेस्ट करियर का दूसरी फिफ्टी है। हैदराबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। जहां इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 246 रन बनाए और पूरी टीम सिमट गई। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। इस दौरान रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने आए युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जडा है। ये उनका टेस्ट करियर का दूसरी फिफ्टी है। यशस्वी जायसवाल ने क्रीज पर आते ही अपने इरादे साफ कर दिए और पारी की पहली ही गेंद को बाउंड्री पार भेज दिया। वह इसके बाद भी नहीं रुके और उनका आक्रामक अंदाज जारी रहा और उन्होंने तेज गति से रन बनाते हुए अपने अर्धशतक सिर्फ 47 गेंदों में पूरा कर लिया। पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी अपनी धरती पर टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कभी भी टेस्ट फॉर्मेट में इस टीम के खिलाफ नहीं खेला था और उनकी शुरुआत इंग्लिश टीम के खिलाफ शानदार रही। इस मैच की पहली पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए यशस्वी ने इंग्लिश टीम के खिलाफ महज 47 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी की। फिलहाल, खबर लिखे जाने तक भारत ने अपना पहला विकेट रोहित शर्मा के रूप में खोया है। वहीं क्रीज पर शुबमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी पारी को आगे बढ़ा रही है। जबकि भारत का स्कोर 1 विकेट के नुकसान पर 87 रन हो गए हैं।

# इंग्लैंड की पारी 246 रन पर थमी, भारतीय स्पिनरों का जलवा



5 मैचों की टेस्ट सीरीज में पहला मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो कि गलत साबित हुआ। भारतीय स्पिनर्स के सामने इंग्लिश टीम के बल्लेबाज पस्त नजर आए। जहां इंग्लिश टीम 246 रनों पर ही ढेर हो गई। भारत बनाम इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच हैदराबाद में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो कि गलत साबित हुआ। भारतीय स्पिनर्स के सामने इंग्लिश टीम के बल्लेबाज पस्त नजर आए। जहां इंग्लिश टीम 246 रनों पर ही ढेर हो गई।वहीं इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स ने 70 रनों की शानदार पारी खेली, उनके अलावा कोई भी इंग्लिश बल्लेबाज 50 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया। वहीं भारत के लिए आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने 3–3 विकेट झटके। जबकि जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को 2–2 सफलताएं मिली। हालांकि, इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी हुई, सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले आठ ओवरों में 41 रन बना लिये थे। अश्विन ने नौवें ओवर में डकेट को पगबाधा आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। डकेट ने 39 गेंद में सात चौकों की मदद से 35 रन बनाये। इसके साथ ही पहले विकेट की 55 रन की साझेदारी भी टूट गई। यह अश्विन की 11वीं गेंद थी। इसके बाद जडेजा ने ओली पोप को 14वें ओवर में पहली स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। अश्विन ने अगले ओवर में क्रॉली को अपना 492वां टेस्ट शिकार बनाया। उनकी फुललैंग्थ गेंद पर क्रॉली ने मोहम्मद सिराज को कैच थमाया। तीन विकेट 60 रन पर गिरने के बाद रूट और बेयरस्टो ने पारी को संभाला। उनके बीच 61 रन की साझेदारी को तोड़ते हुए अक्षर ने बेयरस्टो को पवेलियन भेजा। स्पिन को बखूबी खेलने वाले रूट भी बेहद खराब ढंग से अपना विकेट गंवा बैठे। पूर्व कप्तान ने जड़ेजा की फुल लैंग्थ गेंद पर खराब शॉट खेलकर शॉर्ट फाइन लेग में जसप्रीत बुमराह को कैच थमाया। बेन फोक्स 24 गेंद में चार रन बनाकर अक्षर का दूसरा शिकार बने जिनका कैच विकेट के पीछे केएस भरत ने लपका।

# अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने तोड़ा कुंबले–हरभजन का रिकार्ड, टेस्ट क्रिकेट में मिलकर झटके 503 विकेट

हैदराबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने अपना बेहतरीन अंदाज दिखाया। इस दौरान भारतीय टीम के दो शानदार गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने मिलकर अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा। भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने अपना बेहतरीन अंदाज दिखाया। इस दौरान भारतीय टीम के दो शानदार गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन और



रविंद्र जडेजा ने मिलकर अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो कि गलत साबित हुआ। पहले सत्र की समाप्ति तक इंग्लैंड ने 3 विकेट गंवा दिए थे। अश्विन ने पहले सत्र में 2 जबकि जडेजा ने 1 विकेट झटका। इसी के साथ दोनों ने हरभजन सिंह और कुंबले की जोड़ी का एक बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त किया। पहले सत्र में अश्विन ने सालमी बल्लेबाज जैक क्रौली और बेन डकेट को चलता किया। जडेजा ने ओली पॉप को रोहित शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। पहले सत्र के समाप्ति तक दोनों ने मिलकर 503 विकेट अपने नाम टेस्ट क्रिकेट में कर लिए थे। जबकि हरभजन–कुंबले की जोड़ी के नाम 501 विकेट हैं। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाए लिए हैं। वहीं चायकाल के बाद अश्विन को मार्क वुड के रूप में तीसरी सफलता मिली है। जबकि क्रीज पर बेन स्टोक्स और जैक लीच की जोड़ी पारी को आगे बढ़ा रही है।

# पहले टेस्ट में टूटा सचिन तेंदुलकर का ये रिकाॅर्ड, जो रूट ने रचा कीर्तिमान





हैदराबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं दोनों टीमों के बीच पहला ही मैच काफी रोमांचक हो गया है। भारतीय स्पिनर ने अपना दबदबा दिखाते हुए 125 रन पर आधी टीम वापस लौट गई। पहली पारी के दौरान इंग्लैंड के जो रूट ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं दोनों टीमों के बीच पहला ही मैच काफी रोमांचक हो गया है। भारतीय स्पिनर ने अपना दबदबा दिखाते हुए 125 रन पर आधी टीम वापस लौट गई। पहली पारी के दौरान इंग्लैंड के जो रूट ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बड़े रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में गुरुवार को इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुरुआती ओवर में डटकर खेलने के बाद भारतीय स्पिनर के सामने इंग्लिश टीम की बल्लेबाजी लजर नजर आई। अश्विन, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा ने 125 रन में ही आध ी टीम को वापस भेज दिया। इस दौरान इंग्लैंड के अनुभवी जो रुट का भी विकेट जाता रहा। हालांकि, आउट होने से पहले उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर का एक खास रिकॉर्ड तोड़ दिया है।बता दें कि, सचिन तेंदुलकर इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज के दौरान रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इस मामले में जो रूट ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन से आगे निकल गए हैं। हैदराबाद टेस्ट मैच के दौरान 10 रन बनाते ही उन्होंने ये कीर्तिमान अपने नाम किया है। जहां सचिन ने 53 पारियों में भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली सीरीज में 2535 रन बनाए थे। 45 पारियों के बाद रूट के खाते में सचिन से ज्यादा रन हो गए हैं। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने 67 पारियों में 2483 वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान के नाम 54 पारियों में 2431 रन थे। विराट कोहली जो पहले दो टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं हैं उन्होंने 50 पारी में कुल 1991 रन बनाए हैं।

## पहले दो टेस्ट के लिये पाटीदार भारतीय टीम में, आवेश खेलेंगे रणजीत ट्राफी

कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे। तीस वर्ष के पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिये खेलते हुए 111 और 151 रन बनाये हैं। उन्हें हालांकि टेस्ट पदार्पण के लिये इंतजार करना होगा। मध्यप्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिये विराट कोहली की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा ,' इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिये विराट कोहली की जगह रजत पाटीदार भारतीय टीम में होंगे।'कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे। तीस वर्ष के पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिये खेलते हुए 111 और 151 रन बनाये हैं।

# केएल राहुल खेल रहे अपना 50वां टेस्ट मैच, देखें किसके नाम सबसे ज्यादा रिकाॅर्ड



पहले नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने अब तक करियर में 113 टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है। वहीं, दूसरे पर रविचंद्रन अश्विन हैं, जिन्होंने अब तक 95 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं, अश्विन और महेंद्र सिंह धोनी में ज्यादा का अंतर नहीं हैं। धोनी ने करियर में 90 टेस्ट मैच खेले, चौथे नंबर पर रविंद्र जडेजा हैं जिन्होंने 68 मैच खेले हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं केएल राहुल भी टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं। वह अपना 50वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं, ऐसा करने वाले वे छठे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले 5 ऐसे क्रिकेटर रहे हैं 50 से ज्यादा टेस्ट मुकाबले खेल चुके हैं। लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने अब तक करियर में 113 टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया है। वहीं, दूसरे पर रविचंद्रन अश्विन हैं, जिन्होंने अब तक 95 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं, अश्विन और महेंद्र सिंह धोनी में ज्यादा का अंतर नहीं हैं। धोनी ने करियर में 90 टेस्ट मैच खेले, चौथे नंबर पर रविंद्र जडेजा हैं जिन्होंने 68 मैच खेले हैं। पांचवें और छठे नंबर पर क्रमशरू रोहित शर्मा और केएल राहुल हैं। रोहित ने सिर्फ 54 मैच खेले हैं। बता दें कि, केएल राहुल ने अब तक 49 टेस्ट की 84 पारियों में 33.60 के औसत से रन बनाए हैं। अब तक उन्होंने 2755 रन बनाए हैं। उच्चतम स्कोर 199 रन का रहा है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ हाल में केएल राहुल ने शतक लगाया था। उन्होंने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 137 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। वहीं दूसरे टेस्ट की पहली इनिंग में वे सिर्फ 8 रन बना सके थे। दूसरी इनिंग में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई थी।

# एक्सरसाइज के बाद भी वजन घटाने में हो रही परेशानी ? बदलें ये आदतें



बढ़ते वजन से लोग बेहद परेशान रहते हैं। इससे मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है और लोगों के आत्मविश्वास पर भी असर पड़ता है।अकसर लोग व्यायाम करने के बाद भी वजन कम नहीं कर पाते हैं। इसका एक कारण दिनचर्या की बुरी आदतें भी हो सकती हैं।अगर आपको भी दैनिक एक्सरसाइज के बाद वजन घटाना और इसे बनाए रखना मुश्किल लगता है तो आप हमारे इन सुझावों का पालन कर सकते हैं।

खान–पान की आदतों का मूल्यांकन करें

अकसर लोग बिना सोचे बेवक्त या देर–रात खाना खा लेते हैं, जो वजन बढ़ा सकता है।इसके अलावा तला–भुना और जंक फूड भी शरीर के लिए हानिकारक होता है।खान–पान की ऐसी आदतें मोटापा बढ़ाती हैं। आप अपनी दिनचर्या पर नजर डालें और कुछ ऐसी अस्वस्थ आदतों की पहचान करें, जिन्हें आप बदल सकते हैं।खाने के तुरंत बाद न लेटना, बिना वक्त खाना न खाना और तला–भुना खाने से बचने से आपका वजन कम होगा।

कैलोरी कम करें

वजन घटाने के लिए कैलोरी कम करना सबसे ज्यादा जरूरी है। इसका मतलब है कि आपको अपने कुल दैनिक ऊर्जा व्यय (ज्जष्ठश्वश्व) से कम खाना चाहिए। सीधे शब्दों में कहें तो आपकी खाई कैलोरी आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली कैलोरी से कम होनी चाहिए।

एक्सरसाइज के बाद अधिक मात्रा में न खाएं

जिम जा रहे हैं, लेकिन वजन कम नहीं हो रहा? अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग व्यायाम करते हैं वे कभी–कभी बाद में अधिक खाकर अपनी कम हुई कैलोरी को वापस बढ़ा लेते हैं।ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि कठिन जिम सत्र के बाद भूख बढ़ जाती है या लोग खुद को ईनाम देने के बहाने अधिक खा लेते हैं।जिम में पसीना बहाने के बाद अपनी डाइट में पौष्टिक पोस्ट–वर्कऑउट मील शामिल करें।

सक्रिय जीवन शैली

एक सक्रिय जीवन शैली भी वजन कम करने के लिए उतनी ही जरूरी है, जितनी एक्सरसाइज।सीढियां चढने से लेकर बागवानी तक, कोई भी गतिविधि जो आपकी मांसपेशियों को गतिमान करती है, उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।वजन कम करने के लिए आपको केवल हाई–इंटेंसिटी वर्कआउट की जरूरत नहीं है। शोध से पता चलता है कि पैदल चलने जैसे साधारण व्यायाम भी वजन घटाने के लिए प्रभावी हो सकतें हैं।इसलिए सक्रिय जीवनशैली को चुनें।

नींद जरूर पूरी करें

आराम करना और पर्याप्त नींद लेना दोनों ही फिटनेस और वजन घटाने के लिए बेहद जरूरी है।अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो इसका असर भूख पर पड़ता है। ज्यादा खाना खाने से आपको वजन घटाने में परेशानी होगी।इसके अलावा नींद पूरी न होने से शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है और आपको आलस आने लगेगा। इस कारण भी भूख बढ़ जाती है। इस वजह से पर्याप्त नींद लेना जरूरी है।

# गर्भावस्था के दौरान रोजाना कुछ मिनट जरूर टहलें, मिलेंगे ये फायदे

गर्भावस्था आराम करने का समय लग सकता है, लेकिन इस दौरान सक्रिय रहना पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।खासतौर से जब तक कि आपको कोई जटिलता न हो और डॉक्टर द्वारा बिस्तर पर आराम करने की सख्त सलाह न दी जाए।इस समय रोजाना टहलना न केवल गर्भवती महिलाओं को शारीरिक और मानसिक बदलावों से निपटने में मदद कर सकता है, बल्कि आसान प्रसव के लिए तैयार होने में भी मदद कर सकता है।


पीठ दर्द हो सकता है दूर

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के ऊपर अतिरिक्त वजन आ जाता है, जो पीठ दर्द का कारण बनता है।इसकी वजह से उनके लिए उठने–बैठने के लेकर कई सामान्य गतिविधियां तक करना मुश्किल हो जाता है, लेकिन रोजाना टहलने से पीठ दर्द से छुटकारा मिल सकता है।इस एक्सरसाइज से बढ़ते पेट को आसानी से उठाने के लिए रीढ़ की हड्डी को सहारा भी मिल जाता है।यहां जानिए गर्भावस्था में पीठ दर्द दूर करने के घरेलू नुस्खे। मानसिक स्वास्थ्य के लिए है अच्छा

रोजाना कुछ मिनट पार्क या किसी खुली जगह पर टहलने से ऊर्जा के स्तर और सहनशक्ति में बढ़ोतरी भी होने लगती है।टहलना बार–बार मूड में होने वाले बदलावों को ठीक करने और गर्भावस्था के तनाव से निपटने में भी सहायक है। इससे दिमाग को शांत रखने में भी मदद मिलती है।यह एक्सरसाइज अनिद्रा की समस्या को दूर करके बेहतर नींद दिलाने में भी प्रभावी मानी जाती है।

पाचन क्रिया में हो सकता है सुधार

गर्भावस्था में कई महिलाओं के लिए कब्ज एक आम समस्या है और इससे राहत पाने के लिए भी टहलना लाभदायक हो सकता है।इससे पाचन समय तेज हो जाता है और मल त्यागना आसान हो जाता है। इसके अलावा इससे पेट की मांसपेशियों और अंगों की मालिश हो जाती है।साथ ही इस एक्सरसाइज से पाचन को सक्रिय करने में मदद मिलती है।यहां जानिए पाचन क्रिया में सुधार करने



वाले घरेलू नुस्खे।वजन को नियंत्रित रखने में है कारगर

गर्भावस्था में कई तरह की चीजें खाने का मन करता है और इससे वजन में बढ़ोतरी होना लाजिमी है।हालांकि, अगर आप अपने वजन को नियंत्रित रखना चाहती हैं तो रोजाना सुबह खाली पेट कुछ मिनट जरूर टहले। इससे वजन कम करने में मदद मिलती है और इससे कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होते हैं।यह आपको फिट रखता है और गर्भकालीन मधुमेह समेत समय से पहले प्रसव के जोखिम को कम करता है।जोड़ों और प्रसव से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं दूरगर्भावस्था में बढने वाले वजन का प्रभाव न सिर्फ पीठ, बल्कि जोड़ों पर भी पड़ता है।

# टीएलएम एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जल शक्ति मंत्री ने किया सम्मानित

हमीरपुर । हमीरपुर के चौरा देवी मंदिर परिसर में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। जल शक्ति मंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टालों का भी अवलोकन किया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करके मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह एवं अन्य अध्यापक हरिमोहन गुप्ता एवं आशीष कुमार के साथ स्टाल पर सहयोग कर रहे अध्यापकों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा सरकार की विभिन्न योजनाओं को आम जनमानस एवं बच्चों तक अध्यापक पहुंचा रहे हैं और ईमानदारी से शिक्षण कार्य करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। टीएलएम एवं अन्य शिक्षण कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मौदहा से हरिमोहन गुप्ता सिलौली, आशीष कुमार कम्हरिया, नेहा सिंह बिगहना एवं सुमेरपुर से गरिमा सिंह सिकरी, सुरौली खुर्द से जयप्रकाश एवं कुरारा से अखिलेश शुक्ला को कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील

पाठक, चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पांडेय, एडीएम अरुण कुमार मिश्रा एवं एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्रनाथ उपस्थित रहे।

# अटल भूजल योजना के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

संवाददाता

हमीरपुर अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी जालौन व कार्यवाही हेतु प्रमुख्य सचिव उद्यान को पत्राचार करने तथा अटल भूजल में खराब प्रगति होने के कारण उद्यान निरीक्षक जैनेन्द्र तिवारी, सहायक उद्यान निरीक्षक पियूष कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक प्रभु दयाल तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर जेई मौदहा लघु सिंचाई (एमआई) का अग्रिम आदेशो तक वेतन रोकने का निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद में सुमेरपुर मौदहा मुस्करा व सरीला विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इन चयनित ग्राम पंचायतों में योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण को बढ़ावा देकर भूजल स्तर को बढ़ावा दिया जाना है। इसके अंतर्गत सभी संबंधित विभागों का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा। अटल भूजल योजना के संबंध में ग्राम विकास, उद्यान पंचायती राज, सिंचाई विभाग, भूमि संरक्षण सहित संबंधी विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समयबद्ध तरीके से शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति माह फरवरी 2024 तक करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण तथा संवर्धन हेतु अटल भूजल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम व द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विधुत निजीकरण के खिलाफ भाकपा मार्क्सवादी ने दिया ज्ञापन



ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी क्षेत्रीय कमेटी सलेमपुर ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ आज लार विद्युत खण्ड एसडीओ लार को ज्ञापन सौंपा गया। माकपा राज्य कमेटी के सदस्य कामरेड सतीश कुमार ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के द्वारा एक–एक करके सभी सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है आजाद भारत में डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था कि बिजली एक सामाजिक जरूरत है इसे नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर देखा जाना चाहिए लेकिन भाजपा कि अटल सरकार ने इस कानून को बदल कर बिजली के मौलिक अधिकारों को निजी हाथों में सौंपने का कानून बना दिया, जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य किया जाना चाहिए बिजली का निजीकरण पर तत्काल रोक लगाया जाना चाहिए बिजली के क्षेत्र में सरकारी निवेश को बढ़ाया जाना चाहिए राज्य बिजली बोर्ड को तत्काल बहाल किया जाना चाहिए कर्मचारियों ,सहायक अभियंताओं , जेई जो रिक्त पद हैं उनको तत्काल बहाल किया जाना चाहिए संविदा एवं ठेका पर कार्यरत सभी कर्मचारी लाईनमैनों को तत्काल स्थाई कर्मचारी घोषित किया जाना चाहिए किसानों के नलकूपों पर बिजली मीटर लगाना बंद किया जाए फ्लैट रेट के बिजली दर को जारी रखा जाए किसानी खेती और मजदूर बुनकरों ,छोटे दुकानदारों और कुटीर उद्योग चलाने वालों को मुक्त बिजली दी जानी चाहिए सभी परिवारों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का जो भाजपा सरकार का वादा था वह पूरा किया जाना चाहिए फर्जी तरीके से गलत मीटर रीडिंग से बिल भेजने की प्रक्रिया को बंद कर देना चाहिए सलेमपुर और लार क्षेत्र में पुराने खम्बो और जर्जर तार को तत्काल बदला जाना चाहिए और बिजली बिल बकायदाओं के विद्युत विच्छेदन पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए इसके साथ ही साथ कहा कि इस देश में बढ़ती बेरोजगारी महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार पर रोक लगाई जानी चाहिए महंगाई पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए 29 जनवरी को सलेमपुर विद्युत विभाग पर धरना एवं 5 फरवरी को विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय देवरिया पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा । इस कार्यक्रम में कामरेड सतीश कुमार,कामरेड हरेकृष्णा कुशवाहा , कामरेड संजय गोंड,कामरेड बलिंदर मौर्य , कामरेड सुशील यादव जी , कामरेड राम छोटू चौहान आज उपस्थित रहे

# अटेवा के प्रांतीय आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु निकाला गया पैदल मार्च

संवाददाता।

हमीरपुर। मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर अटेवा के प्रांतीय आवाहन पर जिला मुख्यालय सहित ब्लांक मुख्यालयों में भी पुरानी पेंशन बहाली हेतु पैदल मार्च निकाला गया। हमीरपुर में जिला महासचिव कमल किशोर के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से लेकर इस्लामिया इंटर कांलेज और सुभाष बाजार तिराहे से पुनः अंबेडकर पार्क तक पदमार्च निकाला लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने किया। इस मौके पर कपिल तिवारी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन अबजनांदोलन बनने की ओर अग्रसर है। सरकार शिक्षक कर्मचारियों की जायज मांग को तुरंत पूरा करे। सहसंयोजक विनोद कुमार ने कहा कि वर्तमान सरकार रामराज की बात करती है पर हम शिक्षकध्कर्मचारियों का हक मारने का काम कर रही है। क्योंकि व्यवस्थापिकाध्न्यायपालिका को पुरानी पेंशन दे रही है। जबकि कार्यपालिका का नई पेंशन जबरन थोप रही है। जो लोकतंत्र में गलत है। राजबहादुर दक्ष ने कहा कि कर्मचारी 62 वर्ष की सेवा के बाद बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को न देकर संविधान का उल्लंघन करती है। जिसे कर्मचारी बर्दास्त नहीं करेगा। इस मौके पर सुभद्रा सचान, नीलम सचान, कमलेश यादव, कमलेश श्रीवास, सुमन निषाद, सुंदरकली, शालू सिंह, स्मिता नामदेव, दीक्षा पटेल, कमलेश श्रीवास, शैलेंद्र पाठक, आत्मप्रकाश, नरेंद्र राजपूत, कर्मेंद्र अनुरागी, अरविंद यादव, मुख्तार अहमद, चंद्रभान, जितेंद्र अनुरागी, संजय कुमार, राजू अनुरागी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करे जनपदवासी– न्यायाधीश

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के द्वारा जनपदवासियों को अपने प्रजातांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन को सुदृढ़ करने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। साथ ही लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिवध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें ने कहा कि 25 जनवरी 2024 को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे का थीम निर्धारित किया गया है. उन्होने कहा कि जनपदवासी अपने मताधिकार का सदुपयोग करें। उन्होंने योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत कराने और जिनका नाम पंजीकृत है उन्हें अपने मताधिकार का सही तरीके से इस्तेमाल करने की अपील की। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया ने कहा कि 29, 30 एवं 31 जनवरी को विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में जनपद न्यायालय देवरिया में किया जायेगा। विशेष लोक अदालत में विद्युत अधिनियम, 2003 के लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों के निस्तारण हेतु गठित समिति द्वारा सम्बन्धित न्यायाधीशगण को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि आप



अपने न्यायालय से विद्युत अधिनियम,2003 के लम्बित शमनीय दाण्डिक मामलों के वादों को आपसी समझौते के आधार पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

# नव मतदाता सम्मेलन में पीएम मोदी से वर्चुअली संवाद




ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सलेमपुर के कुन्डौली में स्थित द साई कृपा महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नमो मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से नए बने मतदाताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में युवाओं को वोट भारत की दिशा तय करेगा। मैं सभी मतदाताओं को नमन करता हूँ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि मोदी की गारंटी है, और आपके सपने ही प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प हैं। हमारी प्राथमिकता आप सभी युवा ही हैं। आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाता ही तय करेंगे भारत की दिशा क्या होगी। सरकार ने हमेशा देश के युवाओं पर सबसे अधिक विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि आप अपनी बात अपने सुझाव नमो ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के साथ साझा कर सकते है। कार्यक्रम का संयोजन धीरज सिंह विशेन एवम विकास सिंह परमार ने किया। कार्यक्रम को लार मण्डल अध्यक्ष बृजेश धर दूबे,लार रोड मण्डल अध्यक्ष अभय सिंह विशेन,

रामेश्वर सिंह,बलबीर सिंह दादा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम

में मुख्य रूप से शमशुद्दीन अंसारी,प्रेमशंकर त्रिपाठी,गौरव पाण्डेय, अवधेश सिंह,अमरीश चन्द्र कौशिक,मुन्ना कुमार,आकाश आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन



संवाददाता।

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संस्था श्याम कवि लोक कल्याण संस्थान पिंडी देवरिया द्वारा युग निर्माण शिक्षण संस्थान देवरिया में सड़क सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया इसमें छात्रों ने भी सड़क सुरक्षा के बारे में बढ़–चढ़कर प्रतिभा किया तथा बच्चों को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर टी एस आई अमित पांडे द्वारा बताया गया हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने से व यातायात के नियमों को पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं को 80: की कमी लाई जा सकती है तथा एआरटीओ अनिल तिवारी द्वारा यातायात नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई गई इस मौके पर नित्यानंद शर्मा (पूर्व मंत्री तकनीकी शिक्षा) एआरटीओ अनिल तिवारी टी एस आई,अमित पांडे ,प्रधानाचार्य कमलेश सेन ,अनिल त्रिपाठी, हरिशंकर मणि त्रिपाठी, अन्य कॉलेज स्टाफ व संस्था से वीरेंद्र बाजपेई,संजीव श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

# नपाध्यक्ष का ऐतिहासिक पहल, इंडियन बैंक से एमओयू हुआ साइन

## ‘मीरजापुर बनेगी प्रदेश की पहली पेपरलेस डिजिटल निकाय

## ‘पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया को मिला बढ़ावा,जनता को घर बैठे मिलेगी सुविधा–नपाध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी

संवाददाता।

मीरजापुर ।नगर पालिका को डिजिटल बनाने के लिए नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने एक बड़ा कदम उठाया है ।गुरुवार को लालडिग्गी में पालिका के डिजिटल बनाने के लिए इंडियन बैंक से एमओयू साइन किया गया। इस कार्यक्रम में मुखातिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल रहीं। केंद्रीय मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंडियन बैंक द्वारा डिजिटल बनाने के लेकर एक शॉर्ट वीडियो को भी एलईडी के माध्यम से दिखाया। उसके बाद नपाध्यक्ष, ईओ जी लाल ने इंडियन बैंक से एमओयू साइन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा की जैसा की नगर पालिकाध्यक्ष ने बताया की एमओयू साइन होने के बाद मीरजापुर नगर पालिका इस मॉडल पर डिजिटलाइज होने वाली पूरे प्रदेश में पहली निकाय बनेगी। निश्चित रूप से ये अत्यंत ही प्रसन्नीय और सराहनीय पहल है। हमारी सरकार जब से आई है, पिछले दस वर्षो में कुछ ऐसे शब्द हो है जो आप बार बार सुनते होगे। हम डिजिटल इंडिया, पेपरलेस, कैशलेश को बढ़ावा दे रहे है। डिजिटल इंडिया एक सोच है, भारत में जिस तरह से डिजिटिलाइजेसन को बढ़ावा दिया गया है, पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन के उभरा है ।अभी कुछ दिनो पहले जी 20 समिट में दुनिया के राष्ट्रध्याक्षो ने भी भारत के डिजिटल होने के बढ़ रहे कदम की सराहना की थी। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की पीएम मोदी जी के डिजिटल इंडिया के विजन से प्रभावित होकर नगर पालिका द्वारा डिजिटल बनाने एवं मीरजापुर के नागरिकों को घर बैठे वन टैप सल्यूशन सुविधा देने के लिए आज इंडियन बैंक से एमओयू साइन किया है। नागरिकों और सभासदो का यह सुझाव था की पालिका को डिजिटल किया जाए। अब नगर पालिका पूरे उत्तर प्रदेश में पहली पालिका बनेगी जो डिजिटल होने जा रही है। पालिका को डिजिटल बनाने में पालिका का कोई पैसा खर्चा नहीं किया जा रहा है। आगे चलकर टैक्स सहित अन्य कार्य वन टैप सल्यूशन,ऑनलाइन घर बैठे ही किए जा सकेंगे। ये एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कदम है, जो नागरिकों और आने पीढ़ियों को पारदर्शिता के साथ सुविधा प्रदान करेंगी। यह संपूर्ण प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएंगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, भावेश शर्मा,सभासद संदीप तिवारी, शिव सोनी, अजय मोदनवाल, इंद्रजीत पटेल, श्रीकिशन कसेरा, रमन सिंह, विकास यादव, अमित मिश्रा, रूपेश यादव, ऋषभ जायसवाल, नीरज गुप्ता, रतन बिंद, राकेश यादव, सतीश उपाध्याय, राजकुमार दुबे, सतीश केशरवानी, कर निर्धारण अधिकारी अरविन्द यादव, कर अधीक्षक सरदेंदु सिंह, जलकल अभियंता सुधीर वर्मा, आरआई अनिल जायसवाल, राजित यादव, संजय पटेल, आनंद कसेरा, विक्की मौर्या सहित इंडियन बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# लम्बित शमनीय वादों के निस्तारण हेतु 29 से 31 जनवरी लगेगा को विशेष लोक अदालत का आयोजन

मीरजापुर। उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा न्यायमूर्ति कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल की अध्यक्षता में 29 से 31 जनवरी–2024 तक विद्युत अधिनियम–2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने के लिए न्यायालय विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट मीरजापुर में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनमोल पाल ने बताया कि उपरोक्त तिथियों को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालतों को सफल बनाने के लिए मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में चिन्हित करने एवं निस्तारण करने के लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया है, इस सन्दर्भ में सम्बन्धित न्यायालयों को उभय पक्षों के मध्य सुलह–समझौता वार्ता करने के लिए तीन बैठके आहूत करने का भी निर्देश दिए है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत अधिनियम–2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण कराने के लिए 29, 30 व 31 जनवरी 2024 को विशेष लोक अदालत का आयोजन विशेष न्यायाधीश ई. सी. एक्ट के न्यायालय में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्बन्धित मुकदमों के निस्तारण होने पर वादकारियों द्वारा लगाये गये न्याय शुल्क वापस मिल जाता है, किसी भी पक्षकार को दण्डित नहीं किया जाता है बल्कि, लोक अदालत में उभयपक्ष को न्याय आसानी से समय पर मिल जाता है और लोक अदालत का अवार्ड (निर्णय) अंतिम होता है, जिसके खिलाफ किसी न्यायालय में अपील नहीं होती है इसलिए पक्षकार व्यक्तिगत तौर पर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपने अपने मुकदमों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित न्यायालय में उपस्थित होकर अविलम्ब पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें।

डीएलएसए पूर्ण कालिक सचिव,अपर जनपद न्यायाधीश लाल बाबू यादव ने समस्त अधिवक्ता बन्धुओ एवं विद्युत अधिनियम–2003 से सम्बन्धित शमनीय मुकदमों के पक्षकारो से अपील करते है कि वह सम्बन्धित न्यायालयों द्वारा प्रेषित थानेवार नोटिसों को स्वीकार करते हुए अविलम्ब न्यायालय विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट में उपस्थित होकर अपने–अपने मुकदमों को पंजीकृत अवश्य करा लेवें ताकि पंजीकृत मुकदमों का निस्तारण ज्यादा से ज्यादा संख्या में किया जा सके और पक्षकारों को विशेष लोक अदालत का लाभ प्रदान किया जा सकें।

# ड्रोन क्रांति के माध्यम से गांव की महिलाएं भी अब स्वावलंबी बन बढ़ेंगी आगे अनुप्रिया पटेल

मीरजापुर। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आज जनपद के विकास खण्ड नरायनपुर के ग्राम पंचायत मोहिउद्दीपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग, वृद्धा, विधवा पेंशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेण्डर, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं से अब तक किन्ही कारणो से वंचित रहे नये चयनित लाभार्थियो को प्रधानमंत्री आवास की चाभी एवं उपरोक्त योजनाओं का प्रमाण पत्र लाभार्थियों को वितरण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं को गोदभराई कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार का वितरण एवं छः माह आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को अन्न प्रशासन तथा छोटी–छोटी बच्चियों का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 15 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया आज वह लोगों की उम्मीद बनकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखरने का कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री के गारंटी गाड़ी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश के लोगों को अस्वस्थ कर रही है

# घर के बाहर से लापता बालक का खेत में मिला शव

राजापुर (चित्रकूट) सरधुवा थाना क्षेत्र के सुरसेन गांव में मासूम का शव सरसो के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मचा है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी हैं ।बताया गया कि बुधवार को सुरसेन गांव के रसीद का चार वर्षीय पुत्र समीर घर के पास अपनी बहन व पड़ोसी बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी अचानक लापता हो गया। परिजन खोजबीन करते रहे, लेकिन कही पता नही चला। देर शाम सरधुवा थाने में बालक के गुम होने की तहरीर दिया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।